श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 264, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 20 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।
क्रियायोग
हं क्षं
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## खड़गे को 7897 वोट मिले, वहीं थरूर को 1072 वोट ही मिल सके

# कांग्रेस अध्यक्षः खड़गे के सिर सजा ताज

**नई दिल्लीः** मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन गए हैं। बुधवार को आए नतीजों में उन्होंने 6825 वोट से शशि थरूर को हराया। खड़गे को 7897 वोट मिले, वहीं थरूर को 1072 वोट ही मिल सके। 416 वोट रिजेक्ट कर दिए गए। नतीजों के साथ ही कांग्रेस पार्टी को 24 साल बाद गैर-गांधी अध्यक्ष मिल गया है। नए अध्यक्ष खड़गे 26 अक्टूबर को अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। आंकड़ों के हिसाब से देखें, तो 24 साल पहले चुनी गईं सोनिया गांधी के बाद खड़गे सबसे बड़े अंतर से पार्टी अध्यक्ष का चुनाव जीते हैं। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए आखिरी बार 1998 में वोटिंग हुई थी। तब सोनिया गांधी के सामने जितेंद्र प्रसाद थे। सोनिया गांधी को करीब 7,448 वोट मिले, जबकि जितेंद्र प्रसाद 94 वोटों पर ही सिमट गए थे। वे इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे दलित राजनेता हैं।



**अगले एक साल में दर्जनभर से ज्यादा राज्यों में विधानसभा चुनाव, पार्टी को एकजुट रखने की चुनौतीः** इस चुनाव में जीत के साथ ही खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले 65वें नेता हो गए हैं। वे बाबू जगजीवनराम के बाद कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले दूसरे दलित नेता हैं। खड़गे की जीत जिनती बड़ी है, उतनी ही चुनौतियां भी उनके सामने हैं। वे जिस समय पार्टी आलाकमान की जिम्मेदारी लेने आगे आए हैं, तब केवल दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही उसकी सरकार बची है। वहीं, झारखंड और तमिलनाडु में पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल है, लेकिन मुख्यमंत्री दूसरे दलों के हैं।

सोनिया लोकसभा चुनाव से एक साल पहले पार्टी अध्यक्ष बनी थीं, लेकिन 1999 के चुनाव में पार्टी जीत हासिल नहीं कर पाई थी।



**गरीब परिवार में जन्मा कार्यकर्ता अध्यक्ष बनाः** मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार शाम को मीडिया से करीब 9 मिनट की बातचीत की। उन्होंने गांधी परिवार की तारीफ करते हुए कहा कि आजादी के 75 सालों में कांग्रेस ने इस देश के लोकतंत्र को मजबूत किया और संविधान की रक्षा की है। आज लोकतंत्र खतरे में हैं और संविधान पर हमले हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस ने आंतरिक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत किया है। देश में नफरत फैलाई जा रही है। इसके खिलाफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। देश उनके संघर्ष के साथ है। खड़गे ने कहा कि गरीब परिवार में जन्में एक कार्यकर्ता को पार्टी ने अध्यक्ष बनाया है, इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। कांग्रेस में सब बराबर हैं। हम सभी को पार्टी के कार्यकताओं की तरह काम करना है, पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता है। हमें साम्प्रदायिकता की आड़ में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाली फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा।

**137 साल की कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए केवल 6 बार ही चुनाव हुएः** 1885 में कांग्रेस के गठन के बाद पिछले 137 साल में पार्टी अध्यक्ष पद के लिए कुछ 6 बार चुनाव हुए हैं। बाकी समय पार्टी अध्यक्ष या तो सर्व सम्मति से ही पद पर काबिज होते रहे हैं। जिन 6 बार चुनाव हुए, उनमें 5 बार जीतने वाले नेता गांधी परिवार से बाहर के रहे हैं। नीचे दिए ग्राफिक के जरिए आप कांग्रेस में चुनाव से बने सभी अध्यक्षों के बारे में जान सकते हैं।

### थरूर के खेमे ने लगाया धांधली का आरोप

**चुनाव** के नतीजे आते ही थरूर ने खड़गे को बधाई दी और अपना साथ देने वालों को धन्यवाद दिया। इसके बाद वे खड़गे से मिलने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुंचे। हालांकि, थरूर के चीफ इलेक्शन एजेंट सलमान सोज ने वोटिंग में धांधली का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नतीजे आने से पहले ही खड़गे की जीत की बात कह दी थी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी है, जिसमें इलेक्शन होता है और उसका अपना इलेक्शन कमीशन है। मैंने कांग्रेस इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री के साथ काम किया। वे काफी स्पष्ट वक्ता हैं। सारे मसले उनकी नजर में लाए गए हैं और वही एक्शन लेंगे।


मेरा रोल खड़गे जी से पूछिएः राहुल

हर कोई कांग्रेस में चुनाव के बारे में पूछता है। मुझे कांग्रेस पर फख है, जिसमें ओपन और ट्रांसपेरेंट चुनाव हो रहे हैं। कोई दूसरी पार्टियों के भीतर चुनाव में इंट्रेस्ट क्यों नहीं लेता, चाहे वो भाजपा हो या दूसरी क्षेत्रीय पार्टियां। इस दौरान राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में अनियमितता के आरोपों पर भी बात की। जब उनसे पार्टी में रोल के बारे में सवाल किया गया तो कहा- खड़गे जी से पूछिए, अब वही तय करेंगे।

# अब शिक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुईः पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने अडालज में मिशन स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का शुभारंभ किया

**गांधीनगरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19-20 अक्टूबर तक गुजरात के दौरे पर हैं। दौरे की शुरूआत पीएम मोदी ने महात्मा मंदिर, गांधीनगर में का उद्घाटन से की। इसके बाद अडालज में मिशन स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का शुभारंभ किया। इस दौरान पीएम मोदी स्कूल में बच्चों संग क्लासरूम में बैठे दिखे। जब पीएम मोदी का काफिला स्कूल पहुंचा तो प्रधानमंत्री का फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम ने कहा कि अब शिक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है और गुजरात की शिक्षा व्यवस्था सुधरी है। मिशन स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का शुभारंभ करने के बाद पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि बीते दो दशक में गुजरात में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। 20 साल पहले 100 में से 20 बच्चे स्कूल ही



नहीं जाते थे। यानी पांचवां हिस्सा शिक्षा से बाहर रह जाता था। जो बच्चे स्कूल जाते थे, उनमें से बहुत सारे आठवीं तक पहुंचते ही स्कूल छोड़ देते थे. उसमें भी दुर्भाग्य यह था कि बेटियों की स्थिति तो और खराब थी. पहले बेटियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था।

**डिफेंस एक्सपोर्ट 8 गुना बढ़ाः** पीएम मोदी ने रक्षा क्षेत्र के एक्सपोर्ट और उनकी बढ़ती लोकप्रियता से जुड़े फैक्ट्स भी शेयर किए। उन्होंने कहा- मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट डिफेंस जोन की सक्सेस स्टोरी बन रहा है। पिछले 8 साल में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 8 गुना बढ़ा है। 2021-2022 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट करीब 13,000 करोड़ रुपए हो चुका है और आने वाले समय में हमने इसे 40,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

**दुनिया की भारत से अपेक्षाएं बढ़ीं:** उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर वैश्विक व्यापार तक मेरीटाइम सेक्योरिटी एक ग्लोबल प्राथमिकता बनकर उभरी है।

## सपा छोड़ा बसपा में शामिल हुए इमरान मसूद

**लखनऊः विधानसभा** चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले इमरान मसूद बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती की मौजूद में बसपा में शामिल हो गए हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने इसकी जानकारी दी।

इमरान मसूद पश्चिमी यूपी की राजनीति का जाना पहचाना नामः मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश व खसकर पश्चिमी यूपी की राजनीति में इमरान मसूद एक जाना-पहचाना नाम है, जिन्होंने आज अपने करीबी सहयोगियों के साथ मुझसे मुलाकात की ।

# एक व्यक्ति-एक सीट का नियम समय की मांग




**नई दिल्लीः** हाल में चुनाव आयोग ने चुनाव सुधार की दिशा में कुछ सक्रियता दिखाई है। अभी कुछ दिन पहले आयोग द्वारा चुनावी वादों के संबंध में कहा गया था कि राजनीतिक दल अपने घोषित वादों को पूरा करने और उनके लिए वित्तीय प्रबंध का तरीका सार्वजनिक करें। अब आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें एक व्यक्ति के केवल एक सीट से चुनाव लड़ने का नियम लागू करने की बात कही गई है। यदि संविधान संशोधन के जरिये इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो फिर नेताओं के लिए दो सीटों से चुनाव लड़ने का मार्ग बंद हो जाएगा।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार किसी भी उम्मीदवार को कितनी भी सीटों से चुनाव लड़ने की छूट थी, जिसे 1996 के संविधान संशोधन के द्वारा दो सीटों तक सीमित कर दिया गया। आज इस नियम के तहत नेता दो सीटों से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन समय-समय पर दो सीटों के नियम को भी परिवर्तित करके एक व्यक्ति-एक सीट की व्यवस्था लागू करने की बात की जाती रही है। चुनाव आयोग ने 2004 में भी इस संबंध में एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन तब इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

2015 में विधि आयोग ने भी चुनाव सुधारों पर अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि उम्मीदवारों को एक से अधिक सीटों से चुनाव लड़ने से रोकने के लिए नियम बनाया जाए। कहने का अर्थ यह है कि भारतीय राजनीति में एक व्यक्ति-एक सीट के नियम की बात काफी समय से हो रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। ऐसे में आज जब पुनः चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा है।

# गाजियाबाद में निर्भया जैसा कांड

**गाजियाबादः** गाजियाबाद में दिल्ली की एक महिला से निर्भया जैसी हैवानियत की गई। 5 युवकों ने उसे अगवाकर 2 दिन तक रेप किया। उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी। इसके बाद सड़क किनारे फेंककर भाग गए। युवती सड़क किनारे बोरी में मिली, तब भी रॉड उसके शरीर के अंदर थी। युवती का इलाज दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता खुद भी दिल्ली के एक अस्पताल में नर्स है। पुलिस ने इस सिलसिले में दीनू, शाहरुख, जावेद, धोला, औरंगजेब उर्फ जहीर के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से 4 से पूछताछ की जा रही है। जीटीबी अस्पताल के प्रवक्ता रजत जांबा ने



बताया कि 18 अक्टूबर की सुबह 7 बजे पीड़िता को अस्पताल लाया गया था। सेक्शुअल असॉल्ट किया गया है। अंदरूनी चोटें हैं, जांच की जा रही है। पीड़िता की हालत अभी स्टेबल है। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लड़की को जब हॉस्पिटल लाया गया तो उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे और बोरा लिपटा हुआ था। यूपी पुलिस में प्राथमिक उपचार तक नहीं दिया था।

## इमरजेंसी में मिलेगी मदद, राज्यों से टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम करने की अपील

# देश के सभी नेशनल हाईवे पर बनेंगे हेलीपैड

**नई दिल्ली**

देश के सभी नेशनल हाईवे पर अब हेलीपैड होंगे। इनका उपयोग इमरजेंसी कंडीशन में किया जा सकेगा। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। सिंधिया यहां नागरिक उड्डयन मंत्रालय की कांफ्रेंस के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय के साथ बातचीत कर फैसला लिया गया है कि नए हाईवे पर हेलीपैड होने चाहिए ताकि बुनियादी ढांचा तैयार हो सके। खासकर दूरदराज और




पहाड़ी इलाकों में हेलीकॉप्टर्स का इस्तेमाल बढ़ाने पर सरकार का जोर है।

राज्यों से विमान अळ्ऋपर वैट कम करने का आग्रह

सिंधिया ने असम, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, राजस्थान, बिहार और पंजाब सरकारों से अपने राज्यों में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर मूल्य वर्धित कर कम करने का अनुरोध किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब से टियर- 2, टियर- 2 शहरों में हवाई संपर्क की सुविधा के लिए एयर टर्बाइन फ्यूल एटीएफ पर वैट कम करने का भी आग्रह किया।

**प्लेन की कनेक्टिविटी बढ़ाने का किया वादाः** सिंधिया ने टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम करने पर इन राज्यों में प्लेन की कनेक्टिविटी बढ़ाने का वादा किया।

# मूसेवाला मर्डर केस का आरोपी गैंगस्टर टीनू गिरफ्तार

**लुधियानाः** पंजाब में पुलिस कस्टडी से फरार हुए गैंगस्टर दीपक टीनू को राजस्थान के अजमेर के केकड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया है। टीनू को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पकड़ा। उसकी गिरफ्तारी के लिए स्पेशल सेल की 5 टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। टीनू से स्पेशल सेल ने 5 हैंड ग्रेनेड और 2 सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल भी बरामद किए। वह अजरबेजान में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा के संपर्क में था। बुधवार को खूफिया सूचना के आधार पर अजमेर में स्पेशल सेल की टीम ने छापेमारी कर गैंगस्टर टीनू को दबोच लिया। टीनू को पंजाब लाया जा रहा है। लॉरेंस का खासमखास टीनू अ कैटेगरी का गैंगस्टर है। सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में टीनू की भूमिका रही है। अभी एक सप्ताह



पहले ही टीनू की गर्लफ्रेंड को पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। गर्लफ्रेंड ने खुलासा किया था कि आरोपी टीनू के पास करीब 10 लाख रुपए थे। बता दें कि टीनू 1-2 अक्टूबर की रात को पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। इसमें पंजाब पुलिस के अधिकारी की भूमिका सामने आई थी।

**5 ग्रेनेड और 2 पिस्तौल बरामदः** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी एचजीएस धालीवाल ने बताया कि 1-2 अक्टूबर की रात को दीपक टीनू जो गोल्डी बरार गैंग का मेंबर है मानसा पुलिस की हिरासत से भाग खड़ा हुआ था। इसे पकड़ने के लिए स्पेशल सेल की टीम काम कर रही थी। इस कड़ी में आज हमें बड़ी सफलता मिली है और इसे अजमेर से गिरफ़्तार किया गया। इसके पास से 5 ग्रेनेड और 2 पिस्तौल बरामद हुए हैं।

**गर्लफ्रेंड ने भटकाने की कोशिश कीः** पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर टीनू की गर्लफ्रेंड को मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा था।

# पंजाब में पराली जलाने की संख्या बढ़ीः केंद्र

**नई दिल्लीः** केंद्र ने बुधवार को कहा कि पराली जलाने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं, खासकर पंजाब में और राज्य सरकार ने खेतों में आग को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। पराली जलाने के मुद्दे पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त की कि पंजाब सरकार राज्य में खेत की आग को रोकने के लिए कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उल्लेख किया कि हरियाणा में धान की पुआल प्रबंधन की स्थिति "पंजाब की तुलना में काफी बेहतर है। बयान में कहा



गया कि पंजाब में 15 अक्टूबर तक पिछले साल की तुलना में आग की घटनाओं का रुझान कम था, लेकिन अब यह तेजी से बढ़ने लगा है। मंत्रियों ने उल्लेख किया कि पूसा बायो-डीकंपोजर एक माइक्रोबियल समाधान जो 15-20 दिनों में खाद में बदल जाता है। पंजाब में कम क्षेत्र में छिड़काव किया जा रहा है और इसके आवेदन को बढ़ावा देने और बढ़ाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### शंकरगढ़ में नौसादर के साथ एक धराया

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने एक अभियुक्त को तीस लीटर शराब, एक किलोग्राम यूरिया और आधा किलो नौसादर के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने अपनी टीम के साथ अनूप पुत्र नन्हू (हाल पता जनवा, चमरौटी, शंकरगढ़, मूलप ता अशोक चौराहा, आदर्श कालोनी, बरगढ़, चित्रकूट) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 30 लीटर शराब, यूरिया और नौसादर बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी जनवा चमरौटी से की गई है। आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

### अज्ञात में दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** जिला पंचायत सदस्य को फोन पर जान से मारने और गालियां देने पर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम करम्हा कहली निवासी इन्द्रजीत सरोज पुत्र मोतीलाल बहरिया के वार्ड संख्या दो से जिला पंचायत सदस्य हैं। उनका आरोप था कि अज्ञात नम्बर से उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और गालियां भी दी गई। इन्द्र जीत सरोज की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने मोबाइल नंबर के उपभोक्ता नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर उपभोक्ता का पता लगाने में जुटी हुई है।

# कोरांव में दिन दहाड़े भाजपा नेता के चचेरे भाई की हत्या

**रॉयल ब्लू स्टार कैफे कोरांव में मित्रों ने मिल कर लाठी चाकू से की निर्मम हत्या, होटल संचालक एक नर्स सहित कई पूछ तांछ में उठाए गए, घटना स्थल पर भारी भीड़, बाजार की दुकानें बंद, एसपी जमुनापार, सीओ मेजा सहित पूरे सर्किल की फोर्स तैनात, हत्यारों की तलाश में दबिश तेज, हत्या में नामजद मुकद्दमा दर्ज**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव बाजार में दोपहर बारह बजे दिन दिन दहाड़े एक रेस्टोरेंट रायल ब्लू स्टार कैफे में बीस वर्षीय युवक उत्तम दुवेदी पुत्र राम बली ग्राम पंडरिया कोरांव की कुछ लोगों ने डंडे और धार दार हथियार से बुरी तरह मार मार कर हत्या कर दी। और मौके से हत्यारे वाहन द्वारा फरार हो गए। घटना की जनकारी होते ही परिजन और रिश्तेदारों आम नागरिकों का जमावड़ा लग गया। परिजन रोते बिलखते रहे। भाजपा नेता बबूआन दुवेदी अपने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मौके वारदात पहुंचे पुलिस को सूचना दी। पुलिस हरकत में आई और कई लोगों को जांच हेतु उठाया। हत्या का मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। एसपी जमुनापार सौरभ दीक्षित,उप पुलिस अधीक्षक मेजा पूरे सर्किल की फोर्स घटना स्थल पर पहुंच गई। और जांच प्रताल पूंछ-ताछ में में जुट गई।

सेवा निवृत्त प्रधान लिपिक नगर पंचायत कोरांव रामबली द्विवेदी का मृतक बेटा उत्तम द्विवेदी तीसरे नंबर का बीए सेकेंडीयर का छात्र था



चर्चा है कि होटल मालिक दीनेस सिंह और उसकी पत्नी मीना सिंह के सामने घटना को अंजाम दिया गया।जिसमे दिनेस सिंह के पुत्र आयुष सिंह,मनीष सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ग्राम छरीगरा कोरांव तथा होटल संचालिका मीना सिंह पत्नी दिनेस सिंह एवं डाक्टर दिनेस जायसवाल पुत्र श्यामलाल जायसवाल को भी तहरीर में जिम्मेदार ठहराया गया ।समाचार लिखे जाने तक लाश पोस्टमार्टम में नहीं जा सकी थी। घटना से शोकाकुल व्यापारी दुकाने बंद कर दिए। भाजपा नेता बलराम दुबे के सगे भतीजे की हत्या सुन कर हर कोई घटना स्थल पर पहुंचा और हत्याकांड की निंदा की। पुलिस ने हत्या कांड में संलिप्त हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर दबिस दे रही है। घटना का खुलासा लगभग होने के कगार पर आ पहुंचा है। फिलहाल घटना में जिन और युवकों की संलिप्तता थी,उनकी तलाश जारी बताई जा रही। आरोप तथा चर्चा यह भी है कि उक्त होटल पर संचालिका द्वारा कुछ अनैतिक कार्य भी कराया जाता था। समाचार लिखे जाने तक लाश परिजन रोके हुए है। परिजनों का कथन है कि जब मुलजिमों की गिरफ्तारी हो जायेगी तब कल लाश पोमां में जायेगी।मृतक की बहनें पिता माता रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल था। एसपी जमुनापर ने बताया कि बाकी मुलजिमान गिरफ्तार कर लिए जायेंगें। इस बाबत पुलिस की टीमें लगा दी गई हैं।



घटनास्थल रॉयल ब्लू स्टार कैफे कोरांव जहा उत्तम की हत्या की गई



मृतक के परिजन लाश वाहन रोक कर विलाप केरते हुए

# घर में पटाखा न रखें, आबादी से दूर लगाएं दुकान



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर बुधवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों के साथ क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों ने सहभागिता की। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा, दीपावली रोशनी और खुशियों का त्योहार है। इस मौके पर सभी लोग एक दूसरे की खुशियों में शरीक हों। शांति व्यवस्था बनाए रखें। बच्चों को आतिशबाजी से दूर रखें। एसओ ने क्षेत्रीय व्यापारियों से कहा कि धनतेरस के मौके पर कस्बे व क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सख्त रहेगी। गश्ती दल हमेशा भ्रमण पर रहेगा। यदि किसी को कोई दिक्कत होती है तो वह तत्काल सीयूजी नंबर पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने व्यापारियों कहा कि धनतेरस व दीपावली के मौके पर यदि ज्यादा कैश लेकर बैंक आना-जाना हो तो इसके लिए पुलिस की मदद ले सकते हैं। धनतेरस व दीपावली के मौके पर सड़कों पर आमतौर पर भीड़ ज्यादा रहती हैं और इसी का फायदा चोर-उचक्के उठा सकते हैं। थानाध्यक्ष ने कहा, आतिशबाज अपने घरों में पटाखा स्टोर न करें। इसके लिए सुरक्षित स्थान की तलाश कर लें। इसके अलावा दीपावली पर पटाखे की दुकानों के लिए स्थान निर्धारित किया गया है,वहीं पर दुकान लगाएं। इस मौके पर व्यापार मंडल के रतन केसरवानी,जय केसरवानी, राजेश केसरवानी, अनुज केसरवानी, अरविंद केसरवानी, सुजीत केसरवानी, दीपक कुमार, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, मनीष कुमार, अखिलेश द्विवेदी, पटाखा व्यापारी अशोक कुमार केसरवानी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### नैनी थाने में त्योहारों को लेकर मीटिंग हुई



**नैनी।** थाना नैनी में पीस कमेटी की मीटिंग में आने वाले त्यौहारों को ध्यान रखकर जैसे धनतेरस दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को सकुशल संपन्न करने हेतु मीटिंग रखी गई जिसमे एएसआई अजय कुमार सिंह जनमेजय सिंह, कांस्टेबल अरविंद बिंद तथा और उच्च अधिकारी प्रशासन की ओर से उपस्थित थे जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव जी साथ यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा क्षेत्रीय प्रभारी शनि श्रीवास्तव, संगम प्रजापति राम जी केसरवानी एवं और भी कमेटी के लोग वहां उपस्थित थे जिन्होंने अच्छी व्यवस्था और प्रशासन के साथ मिलकर त्योहारों को सफल पूर्वक बनाने की बात रखी।

## शंकरगढ़ में हुआ रक्तदान कैंप का आयोजन

**सीएचसी शंकरगढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह ने फीता काटकर किया शिविर का उद्घाटन**



**शंकरगढ़।** जनपद में बढ़ते डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सीएचसी शंकरगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह ने किया। फीता काटकर शिविर का उद्घाटन करने के बाद डा. रीता सिंह ने स्वयं भी रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डा. रीता सिंह ने कहा, रक्तदान एक सामान्य प्रक्रिया है। सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। एक बार रक्तदान करने से शरीर पूरी तरह से डिटाक्सीफाई हो जाता है। शरीर में खून बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है। इसीलिए सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने भी रक्तदान का महत्व समझाया। कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आज के समय में किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं का उन्होंने आभार जताया। इस दौरान कुल सात लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में प्रधान संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने भी अपने सहयोगियों के साथ शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर बीडीओ रामविलास राय, ग्राम विकास अधिकारी दीपेश सिंह,डॉ अनूप सिंह, अरविंद सिंह समेत अन्य डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज झरोखा...

### चौरा माता प्रतिमा को अष्टधातु से सुसज्जित किया गया



**जंघई।** प्राचीन मंदिर चौरा माता जंघई की प्रतिमा को व्यापारियों के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन अर्चन आरती करके अष्टधातु से सुसज्जित किया गया।

### मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई



**प्रतापपुर।** कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे के सिर पार्टी अध्यक्ष का ताज बंधा। कांग्रेस अध्यक्ष पद की जीत मल्लिकार्जुन खड़गे ने 7 हजार से अधिक वोटों से जीत हांसिल करते हुए शशि थरूर को पराजित किया।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे के विजयी होने पर कांग्रेसियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मिठाई बांटी और बधाई दिया है। बधाई देने वालों मे प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी संजय तिवारी, सुरेश चंद यादव जिलाध्यक्ष गंगापार, मधु चकहा, राकेश पटेल, मनोज पासी, दरोगा मिश्रा, बच्चा निषाद, मनोज पटेल आदि लोग शामिल रहे।

### कूड़े के अम्बार से कालोनी वासियों मे डेगू को लेकर दहशत, बीमारी के भय से बच्चे नही जा पा रहे स्कूल



**नैनी।** अवंतिका कालोनी के सीएल ब्लाक मे लगे कूड़े के अम्बार से लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। उक्त जानकारी देते हुए अवंतिका विकास समिति के सुनील साहनी ने बताया कि नाली से उत्पन्न गन्दगी, स्थानीय निवासियों के साथ-साथ कुछ दूर पर स्थित एक इण्टर कालेज के बच्चों शिक्षको एवं अभिभावको के लिए संकट बना हुआ हैं।उन्होंने बताया कि अभिभावक अपने बच्चो को स्कूल भेजने से कतरा रहे है। कुछ ऐसा ही हाल अवंतिका कालोनी के अधिकांश क्षेत्रो मे कूड़े के ढेर पड़े है। समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्रा का मानना है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अपनी निधी मे व्यस्त तो वही दूसरी ओर स्थानीय निगम प्रशासन संसाधन की कमी का बहाना बताकर पंला झाड़ रहा है। ऐसे मे जनता अगर किसी प्रकार से अपनी बात अपनो से भी शोसल मीडिया के माध्यम से करती है तो कुछ मौसमी स्वयंभू छुटभैये नेता जनता के ही आंख मे धूल झोकने लगते। कुछ तो तीन दशक पूर्व के कार्य को भी अपनी उपलब्धि बताने मे नही चूकते। समस्याओं से त्रस्त अवंतिका कालोनी के निवासियों मे घोर अंसतोष व्याप्त है। अवंतिका विकास समिति द्वारा समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को पत्रक भेजकर त्वरित समाधान की माँग की गयी है।

# सीता स्वयंवर की लीला देखकर दर्शक हुए भाव विभोर



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी रुदापुर द्वारा रामलीला मंचन में प्रभु श्रीराम सहित राम दरबार की आरती अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा ने उतारी तत्पश्चात मंचन प्रारंभ हुआ। मंचन में राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर की तैयारी में कई देशों के राजाओं को आमंत्रित किया गया था। सीता स्वयंवर में गुरु विश्वामित्र के साथ श्री राम एवं लक्ष्मण जी भी पहुंचते हैं। संकल्प के अनुसार जो शिव धनुष को तोड़ देगा उसी के साथ माता जानकी का स्वयंवर किया जाएगा। उपस्थित राजाओं ने बहुत प्रयास करने के बावजूद धनुष उठाना तो दूर रहा धनुष को हिला भी नहीं सका। यह देख कर राजा जनक बहुत दुखी हुए और उन्होंने कहा क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली है जो शिव धनुष का खंडन नहीं कर पा रहा है। यह सुनकर लक्ष्मण जी को क्रोध आ जाता है और वे कहते हैं इसे तो मै एक अंगुली से तोड़ सकता हूं।

श्री राम जी लक्ष्मण का क्रोध शांत कराते हुए गुरु विश्वामित्र की आज्ञा लेकर धनुष को तोड़ देते हैं। धनुष के टूटते ही करतल ध्वनि से उपस्थित दर्शकों ने भगवान श्री राम की जय जयकार करते हुए पुष्प वर्षा की। धनुष भंजन के पश्चात माता जानकी ने श्री राम के गले में वरमाला पहनाई। सीता स्वयंवर में श्रीराम व माता जानकी की धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। धनुष टूटने की सूचना पर पहुंचे परशुराम ने क्रोधित होकर कहा किसने हमारे गुरु का शिवधनुष को तोड़ा है। यह अपराध करने वाले को कतई क्षमा नहीं करूंगा। यह सुनकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते हैं और परशुराम लक्ष्मण का गर्मजोशी से संवाद होता है। इस रोमांचकारी अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। श्री राम ने लक्ष्मण को समझाते हुए परशुराम को शांत कराया। परशुराम ने सोंचा शिव धनुष तोड़ने वाला कोई साधारण नहीं हो सकता। उन्होंने इसकी परीक्षा लेने के लिए अपने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए भगवान श्रीराम को दिया। प्रभु श्री राम ने तत्काल हाथ में लेकर प्रत्यंचा चढ़ा दिया यह देख कर उनका संदेह दूर हो गया। प्रभु श्रीराम के पैरों पर परशुराम गिर पड़ते हैं और उनसे क्षमा मांगते हैं। श्रीराम का अभिनय कर रहे अभिषेक मिश्रा, लक्ष्मण की भूमिका में प्रणय मिश्रा की सशक्त अभिनय को देखकर उपस्थित दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। कलाकारों द्वारा मनोहारी प्रस्तुति को देखने के लिए देर रात तक दर्शक हर्षित तथा भावविभोर होकर देखते रहे। इस मौके पर राजेश पांडे, रामाश्रय यादव, जय कृष्ण पांडे, वासुदेव आहूजा, रामबरन पाल , विमल मिश्रा, अखिलेश यादव, मणिशंकर बिंद, आशुतोष तिवारी सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



### लक्ष्मण शक्ति मंचन में राम विलाप देखकर भावुक हो उठे दर्शक

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र यमुनापार ब्लाक उरूवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी रामलीला में कलाकारों ने लीला का प्रदर्शन करते हुए। मेघनाथ के द्वारा लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। लक्ष्मण का मूर्छित शरीर लेकर राम विलाप करते हैं। हनुमान जी सूर्य उदय से पहले संजीवनी बूटी लेकर आ जाते हैं। जिसे पीने के बाद मूर्छित लक्ष्मण ठीक हो जाते हैं। और युद्ध में इंद्रजीत का वध कर देते हैं। श्रीराम और कुंभकरण दोनों योद्धाओं के बीच भीषण युद्ध हुआ और वह अंत में भगवान श्रीराम ने इंद्रास्त्र चलाकर कुंभकरण की दोनों भुजाएं काट डाली इसके बाद प्रभु ने ब्रह्मांड चलाया जिससे कुंभकरण का मस्तक काटकर समुद्र में जा गिरा अंत मे प्रभु ने कुम्भकरण के पेट को काटकर अलग कर दिया। और कुंभकरण का वध हो गया।

### श्री राम ने बाली का किया वध, हनुमानजी ने जलाई लंका



**घूरपुर।** क्षेत्र के आदर्श गांव परसरा बसंती में जय मां शारदा रामलीला नाट्य समिति के मंच पर मंगलवार की रात सबरी भक्ति ,श्री राम सुग्रीव मित्रता,बालि वध और लंका दहन की लीला का अभिनय किया गया । वीर रस और करुण रस के बीच चले मंचन में दर्शक भाव विभोर हो गए और जय श्री राम की जयघोष करने लगे । मंच पर माता सीता की खोज करते पशु पक्षियों से जानकारी लेते राम के अभिनय को देख लोगों की आंखे डबडबा गई । श्री राम ने रावण की तलवार से घायल गिरे जटायु के पास पहुंच उन्हें अपने धाम भेजा ,उसके बाद सबरी के आश्रम पहुंच उनकी जूठी बैर खाकर नवधा भक्ति का गुणगान किया ,तत्पश्चात सबरी के द्वारा ऋष्यमूक पर्वत पर रह रहे सुग्रीव से मित्रता करने की बात कहते हुए श्री राम को उनके पास भेजा । श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ सुग्रीव के ठिकाने की ओर पहुंचे तोऋष्यमूक पर्वत पर बैठे सुग्रीव ने दोनो लोगों को देखा तो डर गया ।सुग्रीव ने हनुमानजी को दोनो का पता लगाने के लिए भेजा। हनुमान जी ब्राह्मण का भेष बनाकर राम और लक्ष्मण के पास पहुंचे ।श्री राम और हनुमान का संवाद चल रहा था और जैसे ही हनुमान को पता चला कि मेरे आराध्य श्री राम तो वह चरणों मे गिर गए और उठे और अपने कंधे पर बिठाकर सुग्रीव के पास पहुंचे । जहां दोनो के बीच मित्रता हुई और श्री राम ने बालि का वध करके सुग्रीव को राज्य दिलाया, सुग्रीव और बालि के संवाद को देख सुन दर्शक मंत्र मुग्ध हुए। श्री राम ने पेड़ की आड़ में छिपकर बालि का वध किया । सीता की खोज के लिए निकले हनुमान ने लंका के राजा रावण के पुत्र का वध करके लंका जलाकर माता की सुधि भगवान श्री राम तक पहुंचाने के लिए निकल पड़े । दर्शकों ने बाली और सुग्रीव तथा राम लक्ष्मण और हनुमानजी के अभिनय को देख दर्शकों ने पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर अर्पित त्रिपाठी, शिवाजी द्विवेदी, अजय द्विवेदी,जागृत कुमार पांडेय,राजधर द्विवेदी, अभिषेक शुक्ल,बुद्धि प्रकाश ,लालमन पाल, अविनाश त्रिपाठी, शशिकांत पांडेय,राजा भइया आदि लोग मौजूद रहे ।

### चनेथू : सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आये हैं



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू में मंगलवार को राम का राज्याभिषेक का मंचन किया गया। भगवान राम का राज्याभिषेक होते ही जहां जय श्रीराम का जयकारा होने लगा तो वहीं वहीं भगवान के स्वरुपों की आरती उतारकर राम भक्तों ने आशीर्वाद लिया। मचंन के तहत, रावण वध के बाद राम लक्ष्मण और सीता के साथ वापस अयोध्या पहुंचते हैं। नंदी ग्राम से बाहर आकर भरत रास्ते से ही राम जी को आदर सहित अयोध्या राज महल ले जाते हैं। राम सभी माताओं सहित गुरु वशिष्ठ और अन्य लोगों से प्रेम सहित मिलते हैं। गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से भगवान राम को भरत उनका राज्य वापस सौंप देते हैं। गुरुकी आज्ञा से राम का राज्याभिषेक किया जाता है। सभी अयोध्यावासी बहुत हर्षित होते हैं। मंगल गीत गाये जाते हैं। भगवान राम को तिलक लगते ही पूरा जयकारा गूंजने लगता है। संजय उपाध्याय की अध्यक्षता चल रही रामलीला में लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, लालमनि मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, रमेश तिवारी, मालिक पांडेय, अरूण पांडेय, अनिल पांडेय, कड़ेदीन उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, कल्लू पांडेय, सुरेश मिश्रा, त्रिभुवन उपाध्याय, रामू मिश्रा, बड़ेलाल गौड़, राजेश गौड़ बीडीसी, निराले उपाध्याय, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, राजा तिवारी, विपिन मिश्रा, राकी पांडेय, आकाश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, निखिल पांडेय, शिव मिश्रा, विभव मिश्रा, आनंद उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे रामलीला समापन पर दो दिवसीय वृहद मेले का आयोजन किया गया।

### नाले में मिला युवक का सड़ा-गला शव, नहीं हो पाई पहचान

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव नाले में पाया गया है। राहगीरों के जरिए मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त नहीं होने के पश्चात पुलिस ने शव को अज्ञात में दर्ज कर चीरघर भेज दिया है। यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद कल्याणपुर गांव के ही लोगों द्वारा गांव के नाले में पश्चिम दिशा की ओर एक व्यक्ति की लाश देखी गई। जो सड़ चुकी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल शंकरगढ़ पुलिस को दी। सूचना पाते ही शंकरगढ़ थाने के एसआई ऋतुराज सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन लाश इतनी सड़ चुकी थी कि कोई भी व्यक्ति पहचान नहीं सका। शरीर पर केवल एक तौलिया लिपटी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव की स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि यह कई दिन पुरानी है।

# कुम्हारों का घर रोशन करने के लिए दियाली का प्रयोग करें : सचिव

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** भारतीय जन कल्याण परिषद सस्था सचिव दीपक पाण्डेय सचिव उपाध्यक्ष सरस्वती प्रसाद मिश्रा ने विभिन्न मोहल्लों में जन जागरूकता करते हुए अपील की कुम्हारों का घर रोशन करने के लिए दियाली का प्रयोग करें। उपाध्यक्ष सरस्वती प्रसाद मिश्रा ने कहा कि रात दिन मेहनत कर दियाली बनाने वाले कुम्हारों के घर रोशन करने के लिए मिट्टी की दियाली का प्रयोग करें जिससे कुम्हारों के घर खुशहाली व उमंग उत्पन्न हो सके अंधेरा कैसा भी हो किसी भी रूप में हो उससे निकलने का एक ही जरिया है दिया जलाएं' दिवाली स्वदेशी वाली. !अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओ का उपयोग करें.. दियों से ही दिवाली मनाएं, क्योंकि इन बच्चों ने भी दिवाली मनानी है.. मिट्टी के ही दिये जलाना,मिट्टी के ही दिये जलाना' बना कर दिए मिट्टी के,जरा सी ₹आशर₹ मैंने भी पाली है।

**मेरी मेहनत को खरीदो लोगों, मेरे घर भी दिवाली है...**



जन जागरूकता करने वालों में प्रमुख रूप सदस्य से आशीष मिश्रा ,संजय धर , दीप चंद्र शुक्ला ,शंकरलाल पाण्डेय प्रधान लालापुर , सूरज शुक्ला प्रधान पति नौड़िया, प्रदीप मिश्रा, भारतीय जन कल्याण परिषद सस्था जागरूकता करते रहे।

## खबर संक्षेप

### गायों में लंपी वायरस के लक्षण नहीं लगा टीका

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर विकास खंड के ककरा गांव में दर्जनों गाय लंपी वायरस से ग्रसित है लेकिन यहां अभी तक टीकाकरण नहीं हो सका है। जिसकी वजह से पशुपालक भयभीत है। वही कोटवा में टीकाकरण के बाद गाय में लंपी वायरस के लक्षण मिलने से पशुधन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इलाके में लंपी वायरस का कहर बढ़ता जा रहा है। पशुधन विभाग द्वारा लंपी वायरस का टीकाकरण भी किया जा रहा है लेकिन बहुत से गांव में अभी लंबी का टीका नही लग पाया है जिसमे एक गांव ककरा है। जहाँ दर्जनों गाय लंपी वायरस से ग्रसित है। जिसकी पशुधन विभाग को भनक तक नहीं है। ककरा निवासी भोले मिश्रा ने बताया कि हम लोग अपनी गायो का निजी चिकित्सको द्वारा इलाज करा रहे है। गांव के राजू तिवारी ने बताया कि अभी तक कोई भी सरकारी डाक्टर यहाँ गायो की जांच करने नही आया है।

वही कोटवा में पशुपालन हरकेश सिंह की गाय में टीकाकरण के बाद भी लंपी वायरस का लक्षण दिखने की जानकारी मिलने पर पशु चिकित्सा अधिकारी बहादुरपुर शशि भूषण यादव के साथ पशुधन प्रसार अधिकारी दीनानाथ प्रसाद टीम के साथ पहुचे परीक्षण के उपरांत गाय को क्वारंटीन कराया।

# अस्थि कलश लेकर संगम पहुंचे अखिलेश, समर्थकों को देख हो गए भावुक

## अस्थि कलश देख समर्थकों के आंखों से टपकने लगा आंसू, समर्थकों ने नेताजी अमर रहे के लगाए नारे, मौजूद रहे हजारों समर्थक, 21 सौ दीप जलाकर नेता जी को दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



अस्थि विसर्जन से पहले पूजा करते अखिलेश यादव



संगम में अस्थि विसर्जन करते अखिलेश यादव व धर्मेंद्र



संगम में मौजूद रहे सपा के हजारों समर्थक

**प्रयागराज।** सपा संरक्षक रहे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की अस्थियां बुधवार को संगम में प्रवाहित की गईं। बड़े बेटे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने धार्मिक अनुष्ठान और पारंपरिक तरीके से अस्थियां विसर्जित कीं और प्रार्थना की। इस दौरान मुलायम सिंह के भाई शिवपाल यादव समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव सुबह 11 बजे तक संगम तट पर पहुंच चुके थे। वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश तथा परिवार के अन्य सदस्य अस्थियां लेकर सैफई से तीन निजी विमानों से चले और करीब एक बजे बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचे।वहां से सड़क मार्ग से वे संगम के वीआईपी घाट पहुंचे। फिर दो मोटरबोट से संगम स्थल पर पहुंचे। यहां पहले से जेटी तैयार था, जहां पहले पूजन हुआ। इसके बाद अखिलेश यादव ने अस्थियां संगम में विसर्जित कीं। अस्थि विसर्जन प्रक्रिया में पूर्व सांसद भाई धर्मेंद्र यादव ने अखिलेश की मदद की। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे परिवार के साथ संगम स्नान किया। अस्थि विसर्जन का यह पूरा कार्यक्रम एक घंटे से अधिक समय तक चला। धार्मिक अनुष्ठान प्रदीप पांडेय और उत्सव शुक्ला ने कराया। महंत बलवीर गिरि भी मौजूद रहे।इस दौरान शिवपाल यादव, तेज प्रताप यादव, अखिलेश यादव की बेटी टीना, बेटा अर्जुन, अंकुर, अनुराग, आदित्य, अंकुश यादव समेत कुल 27 लोग मौजूद रहे। परिवार के सदस्यों के अलावा मेजा के विधायक संदीप पटेल, शहर उत्तरी से सपा प्रत्याशी रहे संदीप यादव, निवर्तमान अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, सुभाष प्रधान भी जेटी पर मौजूद रहे।

**पिता को याद कर भावुक हुए अखिलेश:** अस्थि विसर्जन के दौरान अखिलेश यादव कई बार भावुक हो गए। अस्थि कलश को गंगा की धारा में प्रभावित करते समय उनकी आंखें नम हो गईं थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी भावनाओं को काबू में रखा। धर्मेंद्र यादव, बेटी टीना भी भावुक रहीं। मुलायम सिंह के भाई शिवपाल यादव ने गंगा में डुबकी तो नहीं लगाई लेकिन चेहरे की उदासी उनके दुख को बया कर रही थी।बेटी अदिती भी रहीं साथ सपा संस्थापक मुलायम सिंह की अस्थि विसर्जन के दौरान पिता अखिलेश यादव के साथ उनकी पुत्री अदिति यादव भी मौजूद रहीं। वीवीआईपी किला घाट पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किया गया था। वीआईपी क्रूज को तैयार किया गया था, जिसमें परिवार के सभी लोग सवार होकर संगम पर गए।

**मौजूद सपा समर्थकों व नेताओं से हाथ मिलाकर जताया आभार :** अखिलेश यादव ने धार्मिक अनुष्ठान कराने वाले पुजारियों के अलावा सुरक्षा में लगे तथा पूरे आयोजन में मदद करने वाले जल पुलिस एवं अन्य लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। अस्थि विसर्जन के दौरान संगम की धारा में घेरा बनाकर खड़े रहने वाले सुरक्षा कर्मियों से हाथ मिलाया और हालचाल जाना।

**श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़े हजारों समर्थक :** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संगम तट पर हजारों समर्थक पहुंचे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इनमें युवाओं की बड़ी संख्या रही। हाथों में सपा संरक्षक की फोटो लिए युवा लगातार नारेबाजी करते रहे।मुलायम सिंह की अस्थियां लेकर अखिलेश यादव करीब एक बजे वीआईपी घाट पर पहुंचे लेकिन नेताजी के समर्थकों के पहुंचने का क्रम सुबह से ही शुरू हो गया था। दिन में 11 बजे तक घाट पर दूर तक लोग ही दिख रहे थे और समय के साथ यह भीड़ और बढ़ती गई।बड़ी संख्या में युवा नाव लेकर संगम स्थल पर बने जेटी तक पहुंच गए थे। यमुना नदी में तट की तरफ जगह-जगह युवा नाव पर खड़े रहे। अखिलेश यादव के पहुंचने पर अस्थि कलश के दर्शन के लिए समर्थकों में होड़ शुरू हो गई। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह से उन्हें संभाला।अस्थि विसर्जन के दौरान समर्थक लगातार नारेबाजी करते रहे तथा कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव के वीआईपी घाट पर वापस आने पर शोर फिर तेज हो गया। अखिलेश यादव ने भी कुछ कदम चलकर तथा हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। इससे पहले एयरपोर्ट पर भी सपा नेताओं एवं कार्यकताओं का जमावड़ा हुआ।

**2100 दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि :** समाजवादी छात्रसभा से जुड़े छात्र-छात्राओं ने संगम तट पर 2100 दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में अखिलेश गुप्ता, अरविंद सरोज, संदीप विश्वकर्मा, आशुतोष यादव, अंकिता श्रीवास्तव, सद्दाम, अवनीश यादव आदि शामिल रहे।

**अखिलेश को देख रो पड़े पूर्व राज्यसभा सदस्य रेवती रमण सिंह :** मुलायम सिंह यादव के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सदस्य रेवती रमण सिंह वीआईपी घाट पर मौजूद रहे। अस्थि विसर्जन के बाद लौटे अखिलेश यादव से मुलाकात के दौरान उनकी आंखें से आंसू छलक पड़ीं। अखिलेश यादव ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा ह्यरोईए मत हम सब हैं।

# गंगा की निर्मलता के लिए निकाली गयी जागरुकता रैली

आंड भारत संदेश

## नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन मुलावती देवी रामदास डिग्री कॉलेज सैदाबाद प्रयागराज में किया गया



**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन मुलावती देवी रामदास डिग्री कॉलेज सैदाबाद प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी ' एवं गंगा संरक्षण हेतु की जा रही जगरूकता गतिविधियों से अवगत कराया ' मौके पर बढ़ौली के प्रधान अशोक कुमार यादव एवं बाहरपुर के प्रधान सर्वेश कुमार यादव मौजूद रहे। प्रधान जी ने कहा आज के समय में नदियों का सरंक्षण बेहद जरुरी है.इसलिए हमें नदियों के जल को प्रदूषित होने से बचाना है.तथा घरेलु कचरे,मृत पशु,अवशेष तथा रासायनिक पदार्थो को नदियों में विसर्जित नहीं करना है.नदियों को प्रदुषण से बचाना है'भारतीय वन्य जीव संस्थान से के पी उपाध्याय ने गंगा की जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की और बताया पानी में रहने वाले जीव-जन्तुओं की एक विशेषता यह है कि ये जल प्रदूषण को भी रोकते हैं। दूसरे दिवस प्रशिक्षक विजय बिंद ने स्वच्छता, ओडीएफ और नदी संरक्षण हेतु उपायों के बारे चर्चा की. इसे पश्चात स्पीयर हेड रोहित द्वारा गंगा संरक्षण जागरुकता हेतु रैली का आयोजन भी किया गया ' समापन में अतिथि के रूप मे डा. जगतंम्बा प्रसाद यादव उपस्थित रहे उन्होंने गंगा दूतों को स्वेच्छा से जुड़ने हेतु बधाई दी इसके पश्चात गंगा दूतों को पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के आयोजन में स्पीयर हेड रोहित राहुल निषाद का अहम योगदान रहा।

## महिला के साथ आश्लील हरकतें की गई तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** महिला के घर में तीन युवक घुस कर बाल पकड कर जमीन में पटख कर अश्लील हरकतें करने लगे महिला के शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी दे कर भाग गए। महिला ने थाने में तहरीर दे कर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि जब वह घर में अकेली थी तभी तीन युवक घर में घुस आए और बाल पकड कर जमीन में पटख कर आश्लील हरकतें करने लगे। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दे कर भाग गए। महिला ने मऊआइमा थाने में सूरज, राम करन सरोज निवासी जमखुरी तथा विजय उर्फ पिंटू पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दीपावली त्यौहार से पहले बाजार में आई गर्माहट

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** वार्षिक त्यौहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे बाजारों में गर्माहट के साथ इलेक्ट्रानिक सामान के अतिरिक्त बर्तन की दुकानों को व्यापारी अपनी दुकान को सामान से सजा रहे हैं। दीपावली के पहले धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक बाजार, बर्तन की दुकान, ऑटोमोबाइल के दुकानदार अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद से आकर्षक सामग्री से अपनी दुकान को सजा लिया है। सहसों में बर्तन के थोक एवं फुटकर विक्रेता राजन केसरवानी ने बताया कि गृहस्ती से संबंधित बर्तनों की विशाल रेंज उपलब्ध है। आगामी धनतेरस को देखते हुए सभी प्रकार के घरेलू बर्तन से लेकर अन्य उपयोग की जाने वाली हर प्रकार के बर्तन हमारे पास उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक सामानों के थोक एवं फुटकर विक्रेता मनोज जायसवाल, मनीष जयसवाल एवं प्रेम चन्द्र प्रजापति ने बताया कि शुद्ध भारत में निर्मित रंग बिरंगी झालर के अलावा पानी से जलने वाला इलेक्ट्रॉनिक दीपक पाइप वाली रंग बिरंगी झालर, विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे बल्ब की काफी रेंज में त्यौहार के लिए सजा रखी है। आज से तीन दिन बाद दीपावली का त्यौहार है। परंतु बाजार में अभी तक ग्राहकों का टोटा है। इसी प्रकार सरार्फा की दुकान, गारमेंट, परचून तथा फूल मालाओं के विक्रेता ने आगामी दीपावली के त्यौहार को देखते हुए सामानो तथा फूलों का अभी से स्टाक करना शुरू कर दिया है।

## कामिनी ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

### मुस्लिम उपन्यास कारों के उपन्यासों पर समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर किया शोध



**रत्योरा।** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंध श्री जय नारायण पीजी कॉलेज की छात्रा कामिनी ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर जहां घर परिवार के लोगों का मान सम्मान बढ़ाया वहीं समूचे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने का अवसर प्राप्त किया। प्रोफेसर नीलम रंजन के नेतृत्व में कामिनी ने मुस्लिम उपन्यास कारों के उपन्यासों का समाजशास्त्रीय विषय पर अध्ययन करते हुए अपनी प्रतिभा के दम पर शोध कार्य पूर्ण करते हुए पीएचडी की डिग्री हासिल की है।वही विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर दीपक त्यागी दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर ब्रह्म परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे जिनके द्वारा जिनके द्वारा शोध विषय से संबंधित अनेकों प्रश्न किए गए जिसका सरलता पूर्वक कामिनी ने सही उत्तर देते हुए अपने अथक परिश्रम की बदौलत सफलता हासिल की है जिसमें हिंदी विभाग के उपस्थित प्रोफेसर रश्मि कुमार, डॉक्टर रीता प्रोफेसर पवन अग्रवाल प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह अनिल त्रिपाठी अनुराग वर्मा डॉ प्रदीप कुमार आलोक कुमार देवांग कुमार सिंह इत्यादि गुरुजनों ने छात्रा की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# अभिषेक प्रियदर्शी ने पीसीएस परीक्षा में हासिल की 35 वीं रैंक

अखंड भारत संदेश



शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा : पवन सिंघाल पटेल

**रत्योरा।** कोरांव विधानसभा के ओवरी ग्राम सभा के (फदाली का पूरा) पूरा गांव निवासी अभिषेक प्रियदर्शी ने पीसीएस परीक्षा के परिणाम में 35 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अभिषेक प्रियदर्शी की उपलब्धि ने क्षेत्र व गांव का नाम किया रोशन किया है। इनके पिता लाल बहादुर सिंह किशनपुर इंटर कॉलेज खागा फतेहपुर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जिनकी सफलता आज देखने को मिली। अभिषेक प्रियदर्शी ने अपने गांव ओबरी का नाम रोशन करते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परिणाम में 35 वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक प्रियदर्शी ने कयास लगाया है कि वे उत्तर प्रदेश में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत होंगे। उनके परिवार गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इस पर उनके बड़े भाई डॉक्टर धनंजय सिंह ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि छोटे भाइयों की इस सफलता से आह्लादित हूं। इसी प्रकार समाजसेवी पवन सिंघल ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ आएगा उन्होंने अभिषेक प्रियदर्शी की सफलता पर बधाई दी है। इसी प्रकार बधाई देने वाले लोगों का पूरे दिन इनके घर तांता लगा रहा।

# रिटायर रेलवे कर्मी की संदिग्ध दशा में हुई मौत पर किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** शाहगंज थाना अंतर्गत गढ़ीकला में मंगलवार रात दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इस बीच अचानक धक्का-मुक्की के दौरान रिटायर रेलवे कर्मी गिर गए। जिन्हें रात में अस्पताल में एडमिट किया गया था। बुधवार को मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने दोपहर में चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों का काफी समझाया और इस मामले में गैर इरादतन हत्या की ऋक्र दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या की एफआईआर गढ़ीकला के रहने वाले 70 वर्षीय कंचन सोनकर रिटायर रेलवे कर्मचारी थे। परिवार वालों का कहना है कि मोहल्ले में रहने वाले दो पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े का बीच बचाव करने कंचन सोनकर गए थे। धक?का मुक?की में वे गिर गए थे। जिससे जख?मी हुए थे। परिवार वाले उन?हें लेकर रेलवे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने बुधवार को उन?हें मृत घोषित कर दिया। कंचन सोनकर की मौत से आक्रोशित परिवार के लोगों के साथ कुछ अन?य ने लीडर रोड पर बुधवार की दोपहर में रास?ताजाम कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की निष?पक्ष जांच के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोला। वहीं पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली।

## एसआरएन के निर्माणाधीन भवन देखने पहुंची टीम

**प्रयागराज।** एसआरएन में निमार्णाधीन नर्सिंग हॉस्टल से राजगीर के गिरने के बाद जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने टीम भेजकार जांच रिपोर्ट मांगी है। यहां पर श्रमिकों की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। डीएम की टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए काम ठीक से कराने के लिए कहा। रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जा रही है। एसआरएन में निमार्णाधीन नर्सिंग हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से गिरकर मंगलवार को मिस्त्री की मौत हो गई थी। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि यहां पर काम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच कमेटी गठित की। कमेटी बुधवार को मौके पर गई और यहां का निरीक्षण किया। श्रमिकों ने बताया कि ठेकेदार ने दुर्घटना के बाद सुरक्षा के कुछ प्रबंध किए हैं। जिस पर ठेकेदार को फटकार लगाई गई है। इस मामले में डीएम ने कहा कि निर्माण में गड़बड़ी की भी शिकायत मिली है, इसकी आख्या मांगी गई है।

## 35 वार्डों की मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव से पहले वार्डों की मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी सामने आई है। एक-एक वार्ड के हजारों मतदाता इधर से उधर कर दिए गए हैं। पार्षद 35 वार्डों की मतदाता सूची में गड़बड़ी का दावा कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने 10 वार्डों की मतदाता सूची में गड़बड़ी होने की शिकायत मिलने की बात स्वीकार किया है। शहर के सीमा विस्तार के बाद शहर के सभी वार्डों का नए सिरे से परिसीमन कराया गया। परिसीमन के बाद वार्डों की चौहद्दी में 2011 की जनगणना के अनुसार 15 हजार से 29 हजार ही मतदाता रखने की गाइडलाइन जारी की गई थी। अब पता चल रहा है कि किसी वार्ड की आबादी 30 हजार तो किसी में 10 हजार मतदाता रखे गए हैं। यह गड़बड़ी पहले ही हुई, लेकिन पार्षद और चुनाव लड़ने वालों को अब पता चला है।पार्षद पद के भावी प्रत्याशी दो दिन से नगर निगम में हंगामा कर रहे हैं। वार्डों में मतदाता सूची अधिकारियों को गड़बड़ी दिखा रहे हैं लेकिन अधिकारी मौन हैं। नगर निगम के एक अधिकारी ने माना कि परिसीमन के बाद वार्डों के मतदाता निर्धारण में बड़ी गड़बड़ी हुई है। अधिकारी ने 10 वार्ड में गड़बड़ी के प्रमाण मिलने की बात भी मानी है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बीए प्रथम, द्वितीय,तृतीय ,वर्ष अनुक्रमांक 1710340011134 का प्रमाण पत्र मूल प्रति वास्तव में खो गया है ।

**आशा गुप्ता पुत्री सुरेश ग्राम व पोस्ट महुली तहसील कोरांव, प्रयागराज।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दरस शाहू है जिसका नाम परिवर्तित कर के अब क्रियांश शाहू कर दिया है। दरस शाहू को अब क्रियांश शाहू के नाम से जाना पहचाना जाय।

**आशीष कुमार साहू पुत्र हर प्रसाद शाहू पता-श्रीजन विहार टाउन शिप, मेजा ऊर्जा निगम प्रा0लि0,कोहड़ार,मेजा, प्रयागराज**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक नंबर 2031780 का मेरा प्रमाण पत्र व अंक पत्र खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है जिस सज्जन को अंकपत्र प्रमाण पत्र मिले नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**प्रार्थी**

**भीमसेन पुत्र छेददू निवासी मानपुर गौरा नारा कोतवाली मंझनपुर जनपद कौशांबी यू पी पिन कोड- 212217 मोबाइल नंबर- 9696269302**


# चित्रकला प्रतियोगिता में नेहा गुप्ता प्रथम और निबंध प्रतियोगिता में स्वाति सिंह को मिला पहला स्थान

अखंड भारत संदेश

## तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी/मेला सम्पन्न




**नैनी।** विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए तथा विज्ञान के बेहतर उपयोग के जरिए जीवन को बदला जा सकता है यह बातें डॉ संतोष शुक्ला राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नासी प्रयागराज ने अंकित विद्या निकेतन इंटर कॉलेज अरैल अटल बिहारी नगर (नैनी) में चल रहे तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला समापन के अवसर पर कही। विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विज्ञान प्रदर्शनी व मेले का आयोजन संजीवनी संस्था द्वारा तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में 30 विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने प्रति भाग लिया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता,चित्रकला,कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। भारत के सभी वैज्ञानिकों की पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें उनके जीवनी और उपलब्धियों का वर्णन हुआ था चित्रकला प्रतियोगिता में नेहा गुप्ता प्रथम,शुभ्रा राय को दूसरा स्थान मिला।निबंध प्रतियोगिता में स्वाति सिंह को पहला और आदित्य मिश्रा को दूसरा स्थान मिला। तीसरे दिन 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 80 मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई जिसमें अंकित विद्या निकेतन इंटर कॉलेज को प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दूसरा, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज को तीसरा, संगम मॉडर्न इंटर कॉलेज को चौथा तथा समोधा देवी इंटर कॉलेज को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ।सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी/मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ संतोष शुक्ला ने कहा बच्चों द्वारा प्रतिभाग ही कामयाबी है जो अपने सपने को साकार करने में अहम भूमिका बनेगी।वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही प्रगति का रास्ता है।पूर्व विधायक फाफामऊ प्रभा शंकर पांडे ने कहा बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाई थी।जो मैंने अपने जीवन में पहली बार देखा। वास्तव में इंसान बनकर विद्या अर्जन करें तो निश्चित तौर से गांव की परिकल्पना मोदी और योगी के अनुसार साकार हो सकते हैं।विज्ञान प्रदर्शनी से प्रेरणा मिलती है और अपने अंदर ज्ञान का भंडार भरता है। इस अवसर पर डॉ रोहित मिश्रा इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज,डॉ श्रेयांश मंडलोई संगठन मंत्री विज्ञान भारती उत्तर प्रदेश ने भी बच्चों को आगे बढ़ने के मंत्र बताएं। इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रदीप महरा,प्रबंधक अनिल मिश्र, विद्या सागर मिश्र, सीताराम त्रिपाठी,उदित नारायण शुक्ला, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, कविता जायसवाल प्रशांत तिवारी, सिद्धांत पांडेय, रिताशु गुप्ता,अनिल सिंह,सुमिता सिंह आदि ने उपस्थित रह कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

# विरोध, हंगामे के बीच हाईकोर्ट बार बाईलॉज संशोधन मतदान स्थगित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के बॉइलाज में संशोधन पर कई अधिवक्ताओं के विरोध और हंगामे की वजह से मतदान नहीं हो सका। हालांकि, मतदान प्रक्रिया के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती के साथ कैमरों की निगरानी की व्यवस्था की गई थी। कई पदाधिकारियों सहित अधिवक्ताओं का एक धड़ा बाईलाज में संशोधन का विरोध कर रहा है। उनका आरोप है कि आम सभा नहीं बुलाई गई, जो विधिक प्रक्रिया की अवहेलना है। विरोध व हंगामे को देखते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता आरके ओझा ने एक बजे इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज मिश्र को संबोधित करते हुए दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने 21 अक्तूबर को 3.30 बजे आपात बैठक बुलाने का आदेश जारी कर दिया। किंतु महासचिव एसडी सिंह जादौन ने देर शाम गवर्निंग काउंसिल की आपात बैठक बुलाई। इसमे अध्यक्ष के इस्तीफे को सर्वसम्मति से अस्वीकार कर दिया गया। साथ ही ओझा को मनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्यकारिणी उनके आवास पर मनाने गई है। उपाध्यक्ष नीरज कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई गवर्निंग काउंसिल की बैठक का संचालन महासचिव एसडी सिंह जादौन ने किया।काउंसिल के समक्ष तीन प्रस्ताव रखे गए, जिनपर चर्चा के बाद अध्यक्ष के त्यागपत्र को अस्वीकार कर दिया गया। मतदान प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष की ओर से 21 अक्तूबर को बैठक बुलाने का आदेश भी रद्द कर दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सत्यम पांडेय, श्यामाचरण त्रिपाठी, संजय सिंह सोमवंशी संयुक्त सचिव प्रशासन, यादवेश यादव संयुक्त सचिव पुस्तकालय, आशुतोष त्रिपाठी संयुक्त सचिव प्रेस, ऊष्मा मिश्रा संयुक्त सचिव महिला, अरुण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, प्रियंका शर्मा, राखी कुमारी, अनुज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, दिलीप कुमार यादव, अनुराग शुक्ल, हरिमोहन केसरवानी, दीपांकर द्विवेदी, मानव चौरसिया एवं विकास नीरज गवर्निंग काउंसिल सदस्य मौजूद थे। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधाकांत का इस्तीफा

## मुख्य न्यायमूर्ति को घटनाक्रम के बारे में कराया अवगत

मतदान कमेटी के सदस्य महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटनाक्रम से मुख्य न्यायाधीश को अवगत कराया गया है। स्थिति सामान्य होते ही मतदान प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। मतदान19 से 21 अक्तूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक होना था, जिसे अगले निर्णय तक स्थगित कर दिया गया है। बार के दो पूर्व अध्यक्षों ने अपनाई गई प्रक्रिया को गलत बताया। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह यादव ने 600 सदस्यों के हस्ताक्षर से मतदान के बहिष्कार का आह्वान किया था। पूर्व महासचिव प्रभाशंकर मिश्र,अधिवक्ता ऋतेश श्रीवास्तव, पूर्व संयुक्त सचिव संतोष कुमार मिश्र की आपत्ति है कि बाईलाज में संशोधन आम सभा में चर्चा के बाद सीक्रेट बैलेट से, दो तिहाई बहुमत पर ही किया जा सकता है। आमसभा न बुलाना प्रक्रिया की अवज्ञा है। साथ ही गवर्निंग काउंसिल या सभा प्रतिनिधियों को कदाचार की शिकायत सही पाए जाने पर सदस्यता समाप्त करने का अधिकार देने का विरोध हो रहा है। अब तक यह अधिकार आम सभा को दिया गया है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां

## इंदिरा भवन कार्यालय पर बैठक कर दी शुभकामना




कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, 9 बार के विधायक, दो बार लोकसभा सदस्य और वर्तमान में राज्यसभा सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री मलिकार्जुन खड़गे को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर प्रतापगढ़ में जिला अध्यक्ष सहित कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामना दिया।

जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा ही सम्मान व पालन करती रही और नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पूरे देश में कांग्रेस मजबूत होकर आगे बढ़ेगी और आगामी विधानसभाओं एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी ऐसा सभी कांग्रेसियों का विश्वास है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान अली ने निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी और उनके कुशल मार्गदर्शन में कांग्रेसी विचारधारा को आगे ले जाते हुए पार्टी का विस्तार होगा। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी सदस्य, पीसीसी सदस्य डॉ नीरज त्रिपाठी, पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, सेवादल अध्यक्ष महेश शुक्ल, पीसीसी सदस्य, पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथगंज प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, डॉ अजय सिंह, पशुपति उपाध्याय, फतेह बहादुर सिंह, आशुतोष तिवारी, शशांक, जयकरन वर्मा, श्याम शंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## विधायक के कैम्प कार्यालय से इंदिरा चौक तक जश्न मे डूबे कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत की जानकारी होते ही यहां क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जश्न का माहौल देखा गया। बडी संख्या मे जुटे कांग्रेसियो ने खुशी मे गोले दागे, अबीर गुलाल उडाते इंदिरा चैक पहुंचे और यहां गाजे बाजे के साथ खड़गे की जीत का जश्न मनाया। कांग्रेसियो ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इंदिरा चैक पर जश्न मे जुटे कार्यकताओं को प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने संबोधित करते हुए उनकी हौसला आफजाई की। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर दयाराम वर्मा, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज आदि मौजूद रहे।

# साकेत के छात्र आईआईटी में तथा छात्रा का गोल्ड पाने पर हुआ सम्मान

## दोनों मेधावियों ने महाविद्यालय को बताया सफलता का आधार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कालेज ने अपने पूर्व छात्र उज्जवल श्रीवास्तव के आईआईटी में चयन होने तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी अनुराधा रानी गुप्ता द्वारा राज्य स्तरीय खेलों में ट्रिपल जम्प विधा में गोल्ड मेडल प्राप्त करने के लिये सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र उज्जवल श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर उन्होंने प्रारंभिक षिक्षा पूर्ण किया था और शायद वह मजबूत नींव थी जिस पर उनका आईआईटी में चयन का महल र्निर्मित हो सका है। इस अवसर पर कुमारी अनुराधा रानी गुप्ता जो बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, ने कहा कि महाविद्यालय ने खेलों के लिये जो वातावरण उपलब्ध कराया है, वह हमारी सफलता का आधार बिन्दु है। इस महाविद्यालय से जो प्रोत्साहन व प्यार मिला है, उसे मैं कभी भूल नहीं सकूंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने दोनों बच्चों को आषीर्वाद देते हुए कहा कि आपका सभी का स्वागत महाविद्यालय में ये दो मुख्य अतिथि के रुप में करें, उस दिन का मैं प्रतीक्षा करुंगा। उन्होंने कहा कि ये दोनों बच्चे आकाष की ऊंचाईयों को चूमेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 नीलिमा श्रीवास्तव प्राचार्या ने किया।



साकेत के चयनित मेधावी का सम्मान करते हुए प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव

## स्मार्ट फोन पाकर खिले मेधावियों के चेहरे, तकनीकी शिक्षा के उन्नयन पर जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को स्मार्ट फोन पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से उनके प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने मेधावियों को स्मार्ट फोन प्रदान किया। कार्यक्रम में कुल तीन सौ छब्बीस मेधावियों में दो सौ छात्राओं व एक सौ साठ छात्रों को स्मार्ट फोन दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि नये युग में तकनीकी के लगातार विकास के दौर में स्मार्ट फोन छात्र छात्राओं के नवीनतम ज्ञानार्जन का प्रमुख श्रोत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन डा. आरके शुक्ल ने किया। प्राचार्य डा. चन्द्रप्रकाश ने उच्च शिक्षा के जरिए मेधावियों के भविष्य निर्माण पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर बनाने मे छात्र छात्राओं व प्राध्यापकों की लगन की भी सराहना की। कार्यक्रम को गांधी इ0का0 के प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, रामकृपाल पासी, रामबोध शुक्ल ने भी संबोधित करते हुए मेधावियों से अध्ययनशील होने का आहवान किया। इस मौके पर डा. रामकुमार यादव, डा. सीमा देवी, डा. वीरेन्द्र कुमार, डा. बीपी सिंह, महेन्द्र कुमार, देवेन्द्र प्रताप सिंह, मेवालाल यादव व जितेन्द्र कुमार आदि रहे।

## नहीं रहे समाजसेवी शंकरदत्त मिश्र, प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भेभौंरा निवासी समाजसेवी एवं पूर्व प्रधानाध्यापक पं. शंकरदत्त मिश्र 85 का मंगलवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। अझारा स्थित पं. भागवत दत्त महाविद्यालय समेत कई विद्यालयों में संरक्षक रहे शंकरदत्त मिश्र के निधन की जानकारी होने पर क्षेत्र मे शोक छा गया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने उनके निधन पर दुःख जताते हुए कहा कि शंकरदत्त मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में पारिवारिक पुरातन योगदान को मजबूत प्रेरणा दी। वहीं उनके निधन पर अझारा स्थित भागवतदत्त महाविद्यालय, पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल व मौलवी फरजन्द अली लॉ कालेज में शोक सभाओं के बाद शिक्षण कार्य अनाध्याय हो गया। वहीं शंकरदत्त मिश्र के निधन पर पूर्व गृह सचिव रमेशचंद्र मिश्र, केडी मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, प्राचार्या डा. पूनम त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पं. राधारमण शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

# मिट्टी के दिये में छुपी है कुम्हारों के परिवार की खुशियां

## चाइनीज झालरो से नहीं मिट्टी के दीपक से गावों में होगा उजाला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दीप पर्व पर घर-आंगन से लेकर मंदिरों व चैबारों तक मिट्टी के दीपक जलाने की पुरानी पारंपरिक रीतरिवाज पर चाइनीज झालारो ने अपना प्रभाव जमा लिया। जिससे कुम्हारों के व्यवसाय के साथ ही पुरानी परंपराओ के अस्तित्व पर ग्रहण लगने लगा।लेकिन इस बार लोग मिट्टी के दीपक से ही घरों में उजाला करने की सोच रखी है। इसी आशा में ही गांव-गांव कुम्हार चाक पर उंगलियां घुमा रहे हैं और पिछले वर्ष की अपेक्षा में अधिक दीपक बना रहे है।

आधुनिकता के दौर में मिट्टी के बर्तनों के चलन पर लोगो ने ध्यान हटा कर विद्युत झालरों को महत्व देने लगे।पहले दीपावली पर मिट्टी के दीये ही उपयोग में लाए जाते थे। धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों में भी मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग प्रमुखता से किया जाता था, लेकिन आज इनका प्रचलन बहुत कम हो गया है। इससे बहुतायत कुम्हारों का रोजगार समाप्त हो गया। कुम्हारी कला के माहिर कुम्हारों की मिट्टी के बर्तन बनाने की कला धीरे-धीरे फीकी पड़ती गई। बहुत कम लोग इस कला को जीवित रखे हैं। अब अधिक उम्र वाले ही चाक और आवां से जुड़े हैं। इनके परिवार के युवक इस पुश्तैनी व्यवसाय से खुद को अलग रख रहे हैं। वह रोजी रोटी के लिए अन्य व्यवसाय में लगे हैं। कुम्हारी से जुड़े लोग कहते हैं कि चाक के सहारे परिवार का गुजारा करना अब बहुत मुश्किल हो गया है। नयापुरवा के कुम्हारन टोला के दयाराम प्रजापति कहते हैं कि आधुनिकता के दौर में मिट्टी के बर्तन की मांग कम हो ही गई है। सरकार ने भी कुम्हारों से वादाखिलाफी की है। सरकार ने कहा था कि कुम्हारों को मिट्टी के लिए पट्टे पर जमीन दी जाएगी, लेकिन आज तक किसी को भी जमीन नहीं मिली। हम लोगों को मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए बाहर से मिट्टी लानी पड़ती है। ऊपर से पुलिस भी अवैध खनन के नाम पर सुविधा शुल्क चाहती है। इतने के बाद भी हम लोग परंपरा के दीये गढ़ना नहीं छोड़े, क्योंकि यह रोजी रोटी ही नहीं हमारी पहचान भी तो है।



मिट्टी के दीये बनाता कुम्हार।

## पांच तत्वों से मिलकर बनता है मिट्टी का दीपक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मिट्टी का वर्तन आग, पानी, वायु, मिट्टी व आकाश समेत पांच तत्वों से मिलकर बनता है। इसी लिए इसकी तुलना मानव से की जाती है। धार्मिक कर्म हो या दीपावली सभी में मिट्टी के दीपक का अलग ही महत्व होता है। वास्तु शास्त्र में भी इसका जिक्र किया गया है कि अखंड ज्योति जलाने से वास्तु दोष समाप्त हो जाता है।

# एलायंस क्लब का कार्य सराहनीयः सच्चिदानंद

## क्लब ने दिव्यांग बच्चों को दीपावली पर दिये उपहार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य, अशोक अग्रवाल, घनश्याम मास्टर आदि पदाधिकारी प्रयास अक्षम विद्यालय भगवा चुंगी पहुंचकर दीपावली के त्यौहार पर दिव्यांग बच्चों को नए कपड़े टी शर्ट, पैंट देकर खुशियां बांटने की कोशिश की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में सच्चिदानंद तिवारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व दिव्यांग जन अधिकारी ने कहा कि दिव्यांगों को दया नहीं अधिकार देने की जरूरत है यह सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं को इन तक पहुंचा कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। अध्यक्षता कर रहे क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य आज प्रयास राजकीय विद्यालय भगवा चुंगी प्रतापगढ़ में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर वस्त्र वितरण करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ने कहा शारीरिक अक्षमता किसी के विकास में बाधक नहीं हो सकती। लगन, मेहनत और कठिन परिश्रम के दम पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आभार ज्ञापन करते हुए प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का क्लब द्वारा समय-समय पर उपहार देकर हौसला अफजाई करना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर श्री नारायण यादव, अनीता कुशवाहा, अनिरुद्ध तिवारी, अशोक अग्रवाल, घनश्याम मास्टर, शंकर लाल, प्रफुल्ल गुप्ता, विवेक कुमार, छेदीलाल, देवानन्द, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



दिव्यांगों को उपहार देते अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद।




जागरूकता रैली को रवाना करते कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव

## एमएमपीजी के छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान में किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं ने बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन को लेकर कालेज परिसर से कालाकांकर गंगातट किनारे तक पैदल जागरूकता रैली निकाली जिसको कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव व गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में छात्र छात्राओ के साथ एस पी सिंह(शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष), राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकारिणी भूपेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कालेज से कालाकांकर गंगातट किनारे तक बस्ती होते हुए पहुँची बस्ती से गंगा किनारे तक रास्ते मे पालीथिन कचरे को उठाते हुए स्वच्छ भारत अभियान को सफल किया।गंगातट किनारे छात्र छात्राओं का ग्राम प्रधान कुँवर मनीश सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# पट्टी के युवक की उन्नाव में सड़क हादसे में गई जान, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने चचेरे भाई के साथ आगरा घूमने के लिए गए युवक की बाइक से लौटते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चचेरे भाई को भी काफी चोटे आई है। वह अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। युवक की मौत की सूचना घर पर मिली तो परिजनो में कोहराम मच गया। परिजन युवक का शव लाने के लिए उन्नाव के लिए निकल पड़े। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अमरगढ़ बाजार के रहने वाले तपस्वी सोनी की अमरगढ़ में दुकान है। उनका बेटा मुकेश सोनी (30) अपने चचेरे भाई विपिन (17) के साथ बाइक से घूमने के लिए आगरा गया हुआ था। ताजमहल सहित कई स्थानों पर घूमने के बाद मुकेश बाइक से अपने चचेरे भाई के साथ घर लौट रहा था। उन्नाव जनपद में तेज रफ्तार होने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने हुए डिवाइडर से जा टकराई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। वहां से गुजरते हुए लोगों में दोनों को एंबुलेंस की सहायता से उन्नाव में स्थित जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर चिकित्सकों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया जबकि उनके चचेरे भाई विपिन को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया इसकी सूचना मंगलवार की शाम जब परिजनों को मिली तो परिजन परेशान हो गए उनका रो-रोकर बुरा हाल है। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनकर जहां पिता तपस्वी सोनी दहाड़ मार कर रोने लगा तो वही मृतक की पत्नी संध्या भी बदहवास सो गई। वहीं मृतक की मां गीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है दूसरी तरफ मृतक के चचेरे भाई विपिन उन्नाव जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है।



मुकेश सोनी (फाइल फोटो)।

# डाक्टर ने गरीब छात्रों को दिया दीवाली पर डेस्क बेंच का तोहफा

## जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहें थे बच्चा बैंक के छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे गरीब और जरूरतमंद छात्रों की मदद को मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री आगे आए हैं। उन्होंने बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क सेंटर पर पढ़ रहे छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच और टीचरों के लिए फर्नीचर खरीद कर दिया है।

दीवाली से पहले ऐसा तोहफा पाकर सभी बड़े खुश हैं। अब उन्हें जमीन पर बैठकर पढ़ाई नहीं करनी होगी।

### मदद को आगे आए मेडिकल कालेज के फिजिशियन मनोज खत्री

गरीब छात्रों की शिक्षा में कोई कमी न रह जाए। उनका भविष्य उज्ज्वल हो। उसके लिए बच्चा है फ्रेंड्स ग्रुप और उसके सहयोगियों ने मिलकर भंगवा गांव में एक फ्री स्टडी सेंटर की स्थापना की है। जिसमें क्लास छह से बारह तक के जरूरतमंद छात्रों को फ्री में शिक्षा दी जा रही है। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि फर्नीचर का अभाव था। छात्र जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। ठंडी के मौसम में काफी दिक्कत आती है। इसकी जानकारी फिजिशियन मनोज खत्री को हुई। उन्होंने छात्रों के बैठने और लिखने के लिए डेस्क बेंच दान किया है। इसके अलावा पढ़ाने वाले शिक्षकों के बैठने के लिए अलग से कुर्सी और मेज भिजवाई है। अब बच्चे उसी पर बैठकर पढ़ाई शुरू कर दिए हैं। नैतिक, रागिनी और निखिल समेत सभी छात्र और छात्राओं का कहना है कि डाक्टर मनोज खत्री उनके लिए मसीहा बनकर आए। दीवाली पर तोहफा पाकर सभी बहुत खुश हैं।

## तमंचे की नोंक पर एक लाख की लूट व टप्पेबाजी से उडाये तीस हजार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र मे एक ही दिन में तमंचे की नोंक पर लूट तथा टप्पेबाजी की घटना से हडकंप मच गया। सांगीपुर थाना के दूधी का पुरवा निवासी आलोक सिंह ने वीरशाहपुर में बैंक आफ बडौदा की टाइनी शाखा खोल रखी है। आलोक इस समय शिमला गये हुए बताये जाते है। उनका भाई टाइनी शाखा की देखरेख कर रहा है। बुधवार की सुबह करीब ग्यारह बजे आलोक के रिश्तेदार लालगंज कोतवाली के चकवा निवासी आशू सिंह रानीगंज कैथौला के बैंक आफ बडौदा शाखा से एक लाख रुपए लेकर टाइनी शाखा जा रहे थे।

# जिले में डेंगू बेकाबू, 41 पॉजिटिव, 6 की हो चुकी है मौत

## कागजों पर कार्रवाई कर रहा मलेरिया विभाग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में डेंगू का प्रकोप जारी है। अभी तक छह लोगों की डेंगू से मौत हो चुकी है। इसके बाद भी प्रभाव कम नहीं हुआ। हेल्थ विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू के 59 केस दर्ज हुए हैं। जिसमें 41 की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। मौतों का सिलसिला आगे न बढ़ने पाए। बेहतर इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल में दस दस बेड के दो डेंगू वार्ड खोल दिए गए हैं। जिसमें 19 मरीज भर्ती हैं। जिनका इलाज चल रहा है। इसके जिला सीएमओ दफ्तर में 24 जिला संचारी रोग नियंत्रण कक्ष खोला गया है। जहां पर 24 घण्टे डाक्टर उपलब्ध रहेंगे।

टाउन एरिया के वार्डो में गंदगी चरम पर है। नालियां बजबजा रही है। उनकी सफाई नहीं हो रही है। अगर कभी सफाई हो भी जाती है। उसका मलबा उठाया नहीं जाता है। फागिंग कराई नहीं जा रही। जो मच्छरों के प्रकोप की वजह है। बरसात के बाद ही मच्छरों का प्रकोप शुरू होता है। रुके हुए पानी में मच्छर के लार्वा सक्रिय होते हैं। उस दौर में कीट नाशक दवाओं का छिड़काव और फागिंग जरूरी होता है।

यह कार्य टाउन एरिया और स्वास्थ्य विभाग का हैं। इसके लिए बाकायदा मलेरिया विभाग खुला है। लेकिन वह भी डेंगू के डंक से चित्त है। सभी की कार्रवाई कागजों पर है। लापरवाही का नतीजा लोगों की मौत हो रही है। वैसे तो डेंगू की जांच किट से भी होती है। लेकिन जिन मरीजों का प्लेटलेट्स काफी कम होता है। उनका एलाइजा टेस्ट होता है। यह मशीन होती है। मरीज का ब्लड सैंपल उसमें डाला जाता है। तीन घंटे बाद रिपोर्ट आती है। पॉजीटिव आने पर डेंगू की पुष्टि प्रमाणिक हो जाती है। ऐसे मरीज को भर्ती करना पड़ता है।



### क्या कहते हैं सीएमओ.....

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीएमओ जीएम पांडेय ने बताया कि जिले में डेंगू के 59 केस सामने आए हैं। जिसमें 41 मरीज एलाइजा टेस्ट में पोजिटिव हुए हैं। सीएमओ दफ्तर में जिला संचारी रोग नियंत्रण कक्ष खोल दिया गया है। सभी जगह निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में डेंगू के दो वार्ड खोले गए हैं। स्थिति नियंत्रण में है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

**खबर संक्षेप**

### उप निदेशक के पद पर प्रोन्नति हुए समाज कल्याण अधिकारी

**कौशांबी।** समाज कल्याण अधिकारी आरके चौरसिया को शासन ने प्रोन्नति देते हुए उपनिदेशक के पद पर तैनाती दे दी है 3 महीने पहले आरके चौरसिया को कौशांबी में समाज कल्याण अधिकारी के पद पर भेजा गया था लेकिन इनके प्रोन्नत किए जाने के बाद समाज कल्याण अधिकारी की कुर्सी फिर खाली हो गई है इसके पूर्व कौशांबी में सुधीर कुमार समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे 3 महीने पहले सुधीर कुमार का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया था सुधीर कुमार को भी शासन ने उप निदेशक के पद पर प्रोन्नत दे दी है जिले में समाज कल्याण अधिकारी की तैनाती की मांग आम जनमानस ने योगी सरकार से की है।

**अखंड भारत संदेश**

**नहरों को और संचालित कराने विशेष अभियान चलाकर फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव कराने किसान की अनुमति के बिना प्रीमियम की किश्त न काटें जाने ग्रामीण ज्योति योजना के कार्यों की जॉच सहित विभिन्न निर्देश जारी**



बैठक में शामिल सांसद डीएम व अन्य।

**कौशाम्बी।** प्रयागराज एयरपोर्ट से उत्खनन स्थल, कौशाम्बी एवं राम वनगमन मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रहीं है सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई सांसद ने गत दिशा बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, सिंचाई को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह (25 अक्टूबर 2022) तक नहरों को संचालित किया जाना सुनिश्चित किया जाय, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0, सभी ई0ओ0 एवं बी0डी0ओ0 को निर्देशित किया कि डेगूॅ एवं संचारी रोगों के दृष्टिगत जनपद के सभी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के प्रत्येक वार्डों में आगामी 03 दिन तक विशेष अभियान चलाकर फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाय उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव नहीं किया गया है तो उस वार्ड के निवासी उन्हें फोन कर अवश्य सूचित करें, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान एल0डी0एम0 को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि बैंक किसान की अनुमति के बिना प्रीमियम की किश्त न काटें।

सांसद ने पं0दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना के अन्तर्गत कराये गये सभी कार्यों की समिति बनाकर मजिस्ट्रेटी जॉच करायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में जर्जर विद्युत तारों को कार्ययोजना बनाकर बदलने के निर्देश दियें, जिससे कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने सौभाग्य योजना के तहत जनपद में अब तक विद्युतीकरण से शेष रह गये ग्रामों का विद्युती करण किए जाने के निर्देश दिए , उन्होंने अधीक्षण अभियंता, विद्युत को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत की आपूर्ति एवं खराब ट्रान्सफार्मर को बदलने के निर्देश दियें। सांसद ने ऑगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के दौरान कहा कि आगनबाड़ी केन्द्रों पर हुए अवैध कब्जों को अभियान चलाकर हटवाया जाय। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 को आगामी 15 दिन में सभी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये, ताकि ग्राम सचिवालय सुचारू रूप से संचालित हों सकें एवं आमजन लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी ई0ओ0 से कहा कि आगामी 03 माह में शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष एक सप्ताह के अन्दर टेण्डर निकाल दिया जाय, जिससे आचार संहिता लगने के कारण विकास कार्य प्रभावित न हो सकें । प्रयागराज एयरपोर्ट से उत्खनन स्थल, कौशाम्बी तक फोर लेन सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रहीं है, शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ हों जायेंगा । इसी प्रकार राम वनगमन मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रहीं है, शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ हों जायेंगा । उन्होंने एल0डी0एम0 से कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद के कितनी ग्राम पंचायतों का खाता अभी तक नहीं खुला है, इसकी जॉच कराकर आख्या उन्हें उपलब्ध करायी जाय मनरेगा की समीक्षा के दौरान कहा कि पात्र मनरेगा जॉब कार्ड धारकों का शत-प्रतिशत श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाय, जिससे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मनरेगा श्रमिकों को मिल सके । इसके साथ ही उन्होंने अन्य निर्माण श्रमिकों का भी अधिक से अधिक पंजीयन ब्लॉकवार कैम्प लगाकर कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ओ0डी0ओ0पी0 के तर्ज पर छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित एवं समुचित सहायता उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनायी गयी 05 वर्ष की गारण्टी वाली सड़कों की जॉच कराने के निर्देश दियें। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में धनराशि तत्काल हस्तान्तरित हो जाय, इसकी शिकायत न आने पायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाये। सांसद ने जनपद के सभी नगर निकायों में घर-घर कूड़ा कलेक्शन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सोशल ऑडिट भी कराया जाय कि घर-घर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अक्षयपात्र से सम्पर्क कर विद्यालयों में मिड-डे-मील उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि ग्रामों में हुए विकास कार्यों की जॉच करने के पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सुगम्य भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को ब्लॉकवार कैम्प लगाकर कृत्रिम अंग वितरित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव ठीक प्रकार से किया जा रहा है या नहीं, इसकी सोशल ऑडिट कराने के निर्देश डी0पी0आर0ओ0 को दियें। बैठक में रेलवे के अधिकारी द्वारा बताया गया कि भरवारी, बिदनपुर एवं कनवार में रैक बनाये जाने के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि जनपद में गत दिनों गंगा एवं यमुना नदी में बाढ़ के कारण फसलों की क्षति से प्रभावित कुल 176 पात्र किसान को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 2425 टी0बी0 के मरीज हैं, जिनमें से 1306 मरीजों को पूर्व में ही गोद लिया जा चुका है, शेष 1119 मरीजों को गोद लिया जाना है, जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को 04-05 टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने का अनुरोध किय इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# दूसरे युवक के बाहों में प्रेमिका को देख बौखलाए युवक ने साथियों संग मिलकर की थी हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**युवक की हत्या में शामिल बालिका समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल**



हत्या के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी से अंतर्गत केन गांव के मोड़ के पास 15 अक्टूबर की रात सड़क पर अमर सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी लोखरीपुर औरैनी थाना कड़ा धाम की लाश मिली थी प्रथम दृष्टया अमर सिंह की मौत दुर्घटना माना जा रहा था लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की पुलिस की विवेचना में प्रकाश में आया कि मृतक युवक अमर सिंह ईट गांव के अपने जिस रिस्तेदार बालिका से प्रेम करता था वह बालिका पहले से दूसरे युवक विपिन पुत्र गुलाब चंद निवासी ईट गांव थाना खागा जनपद फतेहपुर की प्रेमिका थी अमर सिंह को बालिका के बाहों में देखकर विपिन बौखला गया और बालिका को पाने के चक्कर में विपिन ने अपने साथी के साथ मिलकर रोहित की हत्या करने की योजना बना ली 15 अक्टूबर को बाइक खराब होने का बहाना कर फोन कर अमर सिंह को बिपिन ने ईट गांव बुला लिया और बालिका के दूसरे प्रेमी बिपिन ने अपने साथी रोहित पुत्र रामप्रसाद के साथ मिलकर अमर सिंह को फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली अंतर्गत संसारपुर में धारदार हथियार से गला काटकर हत्या करने के बाद दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से केन गांव की सड़क पर लाश को फेंक दिया अमर सिंह की लाश फेंकने के बाद आरोपी फरार हो गए जांच के दौरान प्रकाश में आए नाम और मोबाइल काल डिटेल के आधार पर पुलिस ने बालिका समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है हत्या में शामिल लोगों के कब्जे से पुलिस ने मोटरसाइकिल चार मोबाइल फोन और आला कत्ल भी बरामद कर लिया है लिखा पढ़ी करने के बाद अमर सिंह की हत्या में शामिल बालिका समेत तीनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## छात्र -छात्राओं ने महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर किया उसका निस्तारण



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आदेश के क्रम में दिनांक 19 अक्टूबर को स्वच्छ भारत ( क्लीन इंडिया )- 2 अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा 1.5 किलोमीटर की दर से सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करना एवं निस्तारण करने के क्रम में महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र से सिंगल यूज प्लास्टिक की सफाई का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 विनय कुमार सिंह , प्राचार्य, महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा की गई । छात्र -छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर उसका निस्तारण किया इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार , डॉ0 अजय कुमार डॉ0 नीलम बाजपेई , डॉ0 रमेश चंद्र ,डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ0 नीरज कुमार सिंह, डॉ0 तरित अग्रवाल, डॉ0 शैलेश मालवीय , डॉ0 संतोष कुमार , डॉ0 अमित कुमार शुक्ल अजय कुमार वरिष्ठ लिपिक दिलीप कुमार अजय, साहनी मानवेंद्र आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

**न्यूज झरोखा**

## रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**भरवारी कौशाम्बी।** सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरूवा में 18 अक्टूबर को यातायात मिशन शक्ति और साइबर सुरक्षा के अंतर्गत जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन डॉ राकेश सिंह सहित एसपी एएसपी एसडीएम सीओ सहित तमाम अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे इस कार्यक्रम में आईजी जोन प्रयागराज के समक्ष कक्षा 9 की छात्राओ द्वारा रंगोली प्रतियोगिता मे बड़ चढ़ कर प्रतिभाग किया जिसमे परिधि सक्सेना यशस्वी अभिलाषा मुस्कान अनुष्का आदि छात्राओ ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता मे सफल होने पर स्कूल के प्राचार्य डिसूजा द्वारा सभी छात्राओ को मैडल वा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया छात्राओं के सम्मान समारोह के मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण तरीके से दीपावली का मनाए त्यौहार : चौकी इंचार्ज



**मनौरी कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के कुशल निर्देशन में दीपावली त्योहार को मद्देनजर रखते हुए चायल चौकी इंचार्ज अयोध्या कुमार अपने हमराहियो के साथ मनौरी बाजार तथा आसपास क्षेत्र में बराबर निगरानी रखते नजर आ रहे है चौकी इंचार्ज ने क्षेत्र में भ्रमण कर आप जनमानस को आश्वस्त किया है कि वाह शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाएं और जनता से बराबर मिलकर भरोसा दिलाया कि हम दीपावली का त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराएंगे! चौकी इंचार्ज ने कहा कि किसी को भी कोई समस्या हो हमे फोन कीजिए हम आपके पास तुरंत पहुंचकर समस्या का निदान करेंगे।

### नौढिया में साप्ताहिक भागवत कथा का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के ग्राम नौढिया पांडेय नगर में श्रीमदभागवत कथा का साप्ताहिक आयोजन किया गया श्रीदुर्गा दास जी महराज के मुखार बिंद द्वारा श्रीमद् भागवत कथा पर विस्तार से चर्चा की गई श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के अवसर पर प्रभु के वर्णन को सुनने के लिए गांव क्षेत्र के महिला पुरुषों का कथा स्थल पर प्रतिदिन जमावड़ा लगता रहा प्रभु के जयकारे से पांडाल गूंजते रहे भागवत कथा के आयोजक राधा पांडेय पत्नी स्वर्गीय बेनी माधव पांडेय द्वारा भागवत कथा के शुभारंभ में 12 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा का भ्रमण कराने के बाद विधि-विधान से यज्ञ वेदी का पूजन कर भागवत कथा की शुरूआत किया गया है कथावाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रतिदिन प्रवचन किया जाता रहा 19 अक्टूबर को श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपरांत 20 अक्टूबर को भंडारा होना है राधा पांडेय ने पुत्र स्वर्गलोक राम चन्द्र वा अपने परिवार गांव समाज के कल्याण हेतु भगवतकथा का अनुष्ठान किया गया है।

# लाखों खर्च कर खरीदी गई कूड़ा गाड़ी का नहीं हुआ उपयोग!

**कौशाम्बी।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत चरवा क्षेत्र में साफ सफाई और कूड़ा उठाने के उद्देश्य से लाखों रुपया खर्च करके कूड़ा गाड़ी की खरीद कई महीने पूर्व नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा किया गया था लेकिन खरीदी गई कूड़ा गाड़ी का उपयोग कई महीने बाद नहीं शुरू हो सका है पूरे नगर पंचायत चरवा क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी व्याप्त है साफ सफाई व्यवस्था चौपट है लाखों रुपए खर्च कर कूड़ा गाड़ी खरीदे जाने के बाद उसका उपयोग न किया जाना विभाग की निष्ठा पर तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं नगर क्षेत्र के लोग गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं डेंगू जैसी महामारी से आम जनता त्रस्त है लेकिन उसके बाद भी साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू न किए जाने के पीछे आखिर किसका इंतजार है सूत्रों की माने तो एक माननीय कूड़ा गाड़ी के साथ फोटो खिंचवाने और नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का ढिंढोरा पीटने के लिए अपने नाम का शोहरत लेने को उतावले है माननीय के इस मकसद ने कूड़ा गाड़ी को उपयोग करने से रोक दिया है जिससे अधिषासी अधिकारी कूड़ा गाड़ी का उपयोग नहीं कर सके हैं इन मामले की चर्चा नगर क्षेत्र में हो रही है।



## आवारा पशुओं को गौआश्रय स्थल भेजा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टिकरा और उसके आसपास के ग्रामीण और किसान आवारा पशुओं के आतंक से परेशान थे शिकायत के बाद अधिकारी झूठी सूचना देकर डीएम को गुमराह कर रहे थे जिस पर एडवोकेट विमल मिश्रा ने तहसील समाधान दिवस में डीएम से अधीनस्थ के कारनामे को उजागर करते हुए आवारा पशुओं पर रोकथाम लगाए जाने की मांग की थी डीएम के सख्ती के बाद पशु चिकित्सा अधिकारी सरसावा अजीत सिंह सक्रिय हुए और अपनी टीम के साथ टिकरा गांव पहुंचे आवारा तरीके से घूम रहे पशुओं को पकड़ कर उन्होंने हटवा अब्बासपुर गौआश्रय स्थल में भेज दिया है इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गुप्ता राममूर्ति मिश्रा रामबरन लोधी पंकज पांडे छेदीलाल सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भवन्स मेहता महाविद्यालय में वृहद स्तर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**



स्वच्छता सेवा में शामिल शिक्षक और छात्र

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में 19 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छ भारत जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग सरकार के अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान अवश्य करें उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग अपने गली मोहल्ले में भी स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करें और उन्हें पॉलीथिन के प्रयोग से बचने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे आज प्रकृति प्रदूषण से जूझ रही है यदि समय रहते हम लोग सचेत नही हुए तो प्रकृति की प्रतिक्रिया को झेलना हमारे लिए कठिन होगा इसलिए आपको समाज को स्वच्छता के प्रति न केवल सजग करना होगा अपितु अपने आस पास साफ सफाई करके लोगों को शिक्षित करना होगा।स्वच्छता के साथ पॉलीथीन को पूरी तरह समाप्त करना होगा नही तो भूमि की उर्वरता प्रभावित होगी जो भविष्य में खाद्यान्न संकट को बढ़ावा देगा।इस स्वच्छता अभियान में बच्चों ने पूरे महाविद्यालय कैंपस में साफ सफाई में योगदान दिया ।इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव प्रोफेसर पंकज कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मानक के विपरीत पटाखों से भरी कौशांबी की बाजार

**आखिर पटाखा कारोबारियों को क्यों नहीं कराए जा रहे हैं कानून नियम के पालन, बिना वैज्ञानिक के कौशांबी में पटाखे के कारखाने चलाए जाने का दावा कर रहे तमाम कारोबारी**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** अत्यंत खतरनाक माने जाने वाले बारूद के उत्पादन पर सरकार ने कड़े निर्देश जारी किए हैं कभी-कभी बारूद और उससे बने सामानों से बड़े विस्फोट हो जाते हैं जितने जनधन की बड़ी हानि होती है 2 वर्षों पूर्व जिले के भरवारी कस्बे में पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से बड़ी जनधन की हानि हो चुकी है फिर भी पटाखे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने पर जिम्मेदार गंभीर नहीं हुए हैं। कौशांबी की बाजारों में नियम विरुद्ध तरीके से पटाखों का बड़ा भंडार हो चुका है सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं किए गए हैं सामूहिक तौर से लगाए जाने वाली दुकानों में लाइसेंस के विपरीत बड़े पटाखों का अधिक भंडारण कारोबारियों द्वारा किया जाता है बड़े पटाखों की बिक्री की आड़ में कारोबारी बड़ा मुनाफा कमाते हैं जिससे वह तमाम तरह के जोखिम लेने को तैयार हैं लेकिन अब सवाल उठता है कि आम जनमानस की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले इन पटाखा कारोबारियों पर अंकुश लगाने में थाना पुलिस व अन्य अधिकारी क्यों उदासीन बने हुए हैं जिनसे विस्फोट के हमेशा खतरे बने रहते हैं मंझनपुर सहित विभिन्न कस्बों में जहां पटाखे की दुकानें लगाई जाती हैं वहां दीपावली और उसके 1 दिन पूर्व सैकड़ों खरीददारों की भीड़ लग जाती है जिससे अनहोनी का अंदेशा बना रहता है इतना ही नहीं बारूद से बनाए जाने वाले सामानों के उत्पादन में कारखानों का लाइसेंस वैज्ञानिकों को दिया जाता है लेकिन कौशांबी में बीते दो दशक से अवैध तरीके से दर्जनों पटाखे के कारखाने चल रहे हैं और पुलिस से लेकर कर्मचारी तक पटाखे कारखाने के लाइसेंस जारी किए जाने का समर्थन करते हैं जबकि सूत्रों की माने तो पटाखा कारखाना का लाइसेंस शासन स्तर से जारी होता है तो फिर कौशांबी में कैसे पटाखे के कारखाने फैक्ट्री चलाए जाने के लाइसेंस जारी हो गए हैं एक भी कारोबारी के पास ना तो वैज्ञानिक है ना शासन स्तर से जारी किया गया लाइसेंस है पटाखा फैक्ट्री चलाए जाने के मामले में तमाम कानून नियम की धज्जियां बीते दो दशक से उड़ाई जा रही है जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है पटाखे कारखाने चलाए जाने के लाइसेंस जारी किए जाने के मामले में शासन स्तर से यदि जांच कराई गई तो चौकाने वाले परिणाम सामने आएंगे।

# कामचोर अफसर खराब कर रहे सीएम की छवि

**अखंड भारत संदेश**

**4 महीने बीत जाने के बाद भी लाभार्थियों को नहीं मिल सका सामूहिक शादी योजना का लाभ**

**कौशांबी।** कामचोर अफसर योगी सरकार की छवि आम जनमानस के बीच खराब कर धनादोहन में जुटे है इन अफसरों के कारनामे के चलते आम जनमानस प्रताड़ित और परेशान हो रहे है लेकिन मनमानी पर उतारू अफसरों के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है ताजा मामला सामूहिक विवाह अनुदान योजना का है 4 महीने पहले आयोजित किए गए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी बंधन में बंधे लोगों को योजना का तुरंत लाभ दिए जाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने बिभिन्न बिभाग के खातों में रकम भेज दी पूरे जिले में लगभग लाभार्थियों को रकम मिल चुकी है लेकिन नगर पंचायत चरवा में लाभार्थियों को लाभ दिए जाने के उद्देश्य से 2 लाख 10 हजार की रकम 14 जून 2022 को नगर पंचायत चरवा के खाते में समाज कल्याण विभाग ने भेज दिया है लेकिन 4 महीने से अधिक बीत जाने के बाद भी सामूहिक विवाह योजना के 6 लाभार्थियों का लाभ नगर पंचायत चरवा के अधिकारी अभी तक नहीं दे सके हैं जबकि आवेदन के बाद सामूहिक विवाह योजना की स्वीकृति नगर पंचायत चरवा और उप जिला अधिकारी चायल द्वारा पूर्व में की जा चुकी है लाभार्थी लगातार अधिकारियों से लेकर नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं नगर पंचायत अफसर का एक चहेता बाबू प्रत्येक लाभार्थी से रकम की लेने की मंशा बनाए हुए हैं जिससे लाभार्थियों को 4 महीने बीत जाने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल सका है नगर पंचायत अफसर इस बाबू के कहने पर कार्य कर रहे हैं जबकि सामूहिक विवाह में शादी करने वाले नव दंपत्ति को योजना का लाभ तुरंत दिए जाने का फरमान योगी सरकार ने जारी किया है लेकिन अधिकारियों की कारगुजारी के चलते लाभ न मिलने से जहाँ लाभार्थी परेशान प्रताड़ित हो रहे हैं वहीं योगी सरकार की छवि खराब करने पर नगर पंचायत चरवा के अधिकारी लगे हुए हैं लाभार्थियों की रकम रोककर उन्हें परेशान करने वाले अधिशासी अधिकारी चरवा के कारनामों की जांच डीएम सीएम ने कराई तो अधिशासी अधिकारी चरवा के बड़े कारनामे उजागर होंगे और उन्हें बड़ा दंड मिल सकता है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई



**कौशांबी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के निर्वाचित होने के बाद जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों में खुशी की लहर है और कांग्रेसियों ने कहा कि मल्लिका अर्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने लडडू बांटकर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे साथियों को बधाई देते हुए कहा कि हमे खुशी है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुत्र प्रियंक खड़गे हमारे जनपद के ऊजार्वान साथी नेहरू परिवार के प्रति समर्पित हर्षवर्धन दुबे के यूथ कांग्रेस के संर्घषो के साथी है हम सब जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने का प्रयास करेंगे इस मौके पर जितेंद्र कुमार शर्मा प्रदेश महासचिव मानवाधिकार विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवम पीसीसी सदस्य कौशलेश दिवेदी ज्ञान सिंह लोधी मनोज लोधी दीपक राजपूत गुड्डू नत्थू लाल अजय सेन दिलीप सिंह तमाम लोग जश्न मनाने के मौके पर उपस्थित रहे।

# रोशनी की लहर बनाते हैं दीपावली के दीये

संपादकीय

## इमरान खान की जीत का अर्थ

**पाकिस्तान** संसद की आठ सीटों के लिए हुए उपचुनाव में इमरान खान ने छह सीटें जीत लीं। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीके-इंसाफ ने कुल सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन सातों सीटों पर उसका बस एक ही उम्मीदवार था। उसका नाम था- इमरान खान। क्या आपने कभी सुना है कि भारत, पाकिस्तान या दुनिया के किसी देश में एक ही उम्मीदवार सात सीटों पर एक साथ खड़ा हुआ है? कभी नहीं। यह पहली बार पाकिस्तान में ही हुआ है। भारत और पाकिस्तान में उम्मीदवारों को यह छूट है कि वे एक से ज्यादा सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इमरान खान की खूबी यह है कि वे छह सीटें जीतने के बावजूद पाकिस्तान की संसद में पांव भी नहीं रखेंगे। उनकी पार्टी संसद का बहिष्कार कर रही है। उनका कहना है कि शहबाज शरीफ की यह सरकार विदेश से आयातित है या फौज के द्वारा थोपी गई है। अब जो संसद पाकिस्तान में चल रही है, वह भी फर्जी है। असली संसद और असली सरकार तभी बनेगी, जब चुनाव होंगे और जनता उनको चुनेगी। यूं तो चुनाव 2023 में होने हैं लेकिन इमरान की मांग है कि वे तुरंत होने चाहिए। इमरान जबसे अपदस्थ हुए हैं, वे अनवरत आंदोलनकारी बन गए हैं। पूरे पाकिस्तान में घूम-घूमकर वे सभाएं और प्रदर्शन आयोजित कर रहे हैं। सरकार भी उनका जमकर पीछा कर रही है। इमरान की सभाओं में लाखों लोग आ रहे हैं और उनको सभी प्रांतों में भारी जन-सहयोग मिल रहा है। इमरान पठान हैं लेकिन उनका पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में भी पख्तूनख्वाह की तरह गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार जल्द चुनाव नहीं करवाएगी तो वे धरने, प्रदर्शन और सत्याग्रह आदि का जबरदस्त आयोजन करेंगे। उनका आरोप है कि सरकार उन्हें कुछ आपराधिक मामलों में भी फंसाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसकी दाल नहीं गल पा रही है। वे शहबाज सरकार को भ्रष्ट और भगोड़ों की सरकार कहकर संबोधित करते हैं। जिस फौजी नाराजी के कारण इमरान की सरकार गिरी थी, वह फौज भी तटस्थ दिखाई पड़ रही है। इस समय पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। भयंकर बाढ़ ने कोढ़ में खाज का काम किया है। महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। शहबाज शरीफ पंजाब प्रांत के सफल और यशस्वी मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उनकी बदकिस्मती है कि उनका प्रधानमंत्री-काल इतना संकटापन्न है। इस उपचुनाव में इमरान की प्रचंड विजय ने उनकी सरकार की चूलें हिला दी हैं।

## सांस्कृतिक समृद्धि देश को विश्व में अग्रणी बनाएगी

**भारत** का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशालीरहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है।

## रोशनी की लहर बनाते हैं दीपावली के दीये

ललित गर्ग



**दीपावली** एक लौकिक पर्व है। फिर भी यह केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने का पर्व भी बने। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है। दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है।

शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- ह्यअगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो। शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, सफलता का प्रतीत है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द, घट-घट दीप जले, दीये की लौ सूरज से मिल जाये।

दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की। समय बह रहा है, जीवन बीत रहा है। वर्ष पर वर्ष, माह पर माह, दिन पर दिन एवं पलों पर पल बीत रहे हैं, सांसों के घट रीत रहे हैं। इन घटती सांसों को अर्थपूर्ण बनाने, सम्पूर्णता से जी लेने एवं उपयोगी करने का पर्व है दीपावली। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परंतु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है। अपेक्षा है उसका सम्यक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। उजालों का स्वागत करें।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए जाते हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लड्डूओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जीवन का वास्तविक उजाला लिबास नहीं है, भोजन नहीं है, भाषा नहीं है और उसकी साधन-सुविधाएं भी नहीं हैं। वास्तविक उजाला तो मनुष्य में व्याप्त उसके आत्मिक गुणों क महक ही है, जो मानवीय बनाते हैं, जिन्हें संवेदना और करुणा के रूप में, दया, सेवा-भावना, परोपकार के रूप में हम देखते हैं। असल में यही गुणवत्ता उजालों की बुनियाद है, नींव हैं जिसपर खड़े होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाता है। जिनमें इन गुणों की उपस्थिति होती है उनकी गरिमा चिरंजीवी रहती है। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा। यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है। हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-परहित सरिस धरम नहीं भाई। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है।

दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है। हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है

## भूखे पेट भजन कराने की कोशिश

निर्मल रानी

**आयरलैंड** और जर्मनी की गैर-सरकारी संस्था 'कंसर्न वर्ल्ड वाइड एंड वेल्ट हंगर हिल्फ' द्वारा वैश्विक स्तर पर भूखमरी को मापने वाली 2022 की रिपोर्ट 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022' पिछले दिनों जारी की गयी। इस अनुक्रमणिका में कुल 121 देशों को शामिल किया गया है। बड़े आश्चर्य की बात है कि ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार,जो भारत सकल घरेलू उत्पाद अर्थात (जीडीपी) के मामले में ब्रिटेन को पीछे छोड़ता हुआ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है,और अब चीन को पीछे छोड़ने की दिशा में अग्रसर है। वही भारत ग्लोबल हंगर इंडेक्स यानी की रिपोर्ट के अनुसार 107वें नंबर पर है? यानी इस रिपोर्ट के मुताबिक 'भारत के 22.4 करोड़ लोगों को कुपोषित माना गया है। अफगानिस्तान इस सूची में 109वें स्थान पर है यानी भारत की स्थिति अफगानिस्तान से केवल दो अंक बेहतर है अन्यथा अनुक्रमणिका में पाकिस्तान, बांग्ला देश,श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर बताई गयी है। श्रीलंका को इस अनुक्रमणिका में 64वां स्थान हासिल है जबकि नेपाल 81वें स्थान पर और बांग्लादेश 84वें स्थान पर है। हद तो यह है कि पाकिस्तान जैसा मंहगाई,बेरोजगारी,अस्थिरता,बाढ़ आदि समस्याओं से बुरी तरह जूझ रहा देश भी इस इंडेक्स में 99 वें स्थान पर रहकर अपनी स्थिति भारत से बेहतर बनाये हुये है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (ऋब्रक) वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापने और उन पर नजर रखने का एक माध्यम है। यह विशेषकर कुपोषण, शिशुओं में भयंकर कुपोषण, बच्चों के विकास में रुकावट और बाल मृत्यु दर जैसे चार संकेतकों के मूल्यों पर मापा जाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार जिन 44 देशों की स्थिति अत्यंत खतरनाक स्तर पर है उन में भारत भी शामिल है। जबकि कुल 17 शीर्ष देश ऐसे भी हैं जिनका स्कोर 5 से भी कम है। ऐसे देशों में चीन, तुर्की, कुवैत, बेलारूस, उरुग्वे और चिली जैसे देशों के नाम शामिल हैं। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस रिपोर्ट को 'भूख को मापने का गलत तरीका' बताते हुये यह कहा गया है कि इस रिपोर्ट के द्वारा "भारत की छवि लगातार खराब किए जाने की कोशिश एक बार फिर नजर आई है कि 'एक राष्ट्र के रूप में वह अपनी जनसंख्या की खाद्य सुरक्षा और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता है'। ये अनुक्रमणिका भूख को मापने का गलत तरीका है और मापने के तरीकों के गंभीर मुद्दों से ग्रस्त है। इंडेक्स (अनुक्रमणिका) को मापने के चार तरीकों में से तीन तरीके सिर्फ. बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और वह पूरी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते हैं।"भारत ने इस रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुये कहा है, "ये रिपोर्ट न केवल जमीनी हकीकत से दूर है बल्कि जानबूझकर उन कोशिशों को नजरअंदाज करने की कोशिश भी है जिसमें सरकार अपनी जनता को खाद्य सुरक्षा मुहैया करा रही है। खासकर कोविड महामारी के दौरान जो मदद मुहैया कराई गई।" भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि-'भारत की प्रति व्यक्ति आहार ऊर्जा आपूर्ति हर साल बढ़ रही है और यह खाद्य एवं कृषि संगठन की फूड बैलेंस शीट पर आधारित है। कई वर्षों से देश में प्रमुख कृषि वस्तुओं का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है अतः देश के अल्पपोषण के स्तर में वृद्धि होने का कोई कारण नहीं है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कई आवश्यक कदम उठाए हैं, जिनमें दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम भी शामिल है। कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक परेशानियां खड़ी होने के कारण सरकार ने मार्च 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ़्त अनाज दिया। "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 3.91 लाख करोड़ की खाद्य सब्सिडी के बराबर 1121 लाख मीट्रिक टन अनाज मुहैया कराया। अब इस योजना को दिसंबर 2022 तक के लिए बढ़ा भी दिया गया है।सरकार के अनुसार "आंगनवाड़ी सेवाओं के माध्यम से कोविड महामारी के बाद से छह साल तक के 7.71 करोड़ बच्चों और 1.78 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण मुहैया कराया गया। "प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत 1.5 करोड़ रजिस्टर्ड महिलाओं को उनके पहले बच्चे के जन्म पर 5,000 रुपये की सहायता राशि दी गई। " जाहिर है जहाँ सरकार इस रिपोर्ट को एक गलत,पूर्वाग्रही तथा पर्याप्त सैम्पल इकट्ठे किये बिना तैयार की गयी रिपोर्ट बताकर खारिज कर रही है वहीं अनेक अर्थशास्त्री,आलोचक विशेषकर विपक्षी दलों के लोग इसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार के काम काज के तरीकों पर सवाल उठा रहे हैं। विपक्षी नेता पूछ रहे हैं कि 'माननीय प्रधानमंत्री कुपोषण, भूख और बच्चों में कुपोषण जैसे असली मुद्दों को कब देखेंगे? कुछ विपक्षी नेता तो इसी रिपोर्ट के सन्दर्भ में यहां तक कह रहे हैं कि -'मोदी सरकार भारत के लिए विनाशकारी है और साढ़े आठ सालों में भारत को इस अंधेरे के युग में लाने के लिए सरकार को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए।' निश्चित रूप से यदि रैंकिंग में भारत का स्थान अफगानिस्तान की ही तरह पाकिस्तान, बांग्लादेश,श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों से भी ऊपर होता शायद तब भी भारत को इस रिपोर्ट को खारिज करने की जरुरत महसूस न होती। परन्तु इंडेक्स में भारत को अफगानिस्तान के अतिरिक्त अन्य सभी दक्षेस देशों में सबसे नीचे दिखाकर भारत सरकार की कारगुजारियों व उसकी उपलब्धियों को कटघरे में जरूर खड़ा कर दिया है। सरकार जहां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ़्त अनाज दिये जाने का दावा करती है वहीं इसी योजना का दूसरा पहलू यह भी है कि देश के वही 80 करोड़ लाभार्थी सरकार द्वारा दिये गये 'मुफ़्त अनाज' के मोहताज भी थे।क्या अनाज वितरण को सरकार की उपलब्धि माना जाये? याद कीजिये आठ वर्ष पूर्व राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनरेगा योजना का मजाक उड़ाते हुये कहा था कि ह्यबार-बार कहा जाता है कि हम मनरेगा बंद कर रहे हैं। लेकिन हमारी सरकार इसे किसी सूरत में बंद नहीं करेगी। आप मेरे बारे में कुछ भी सोचें। मेरी समझ को लेकर जो भी मानें। लेकिन इतना तो मानते होंगे कि मुझमें राजनीतिक समझ है।

## आओ इस दीवाली पर फिर से चीन को सबक सिखाएं

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**निसंदेह** भारत एक ऐसा अलौकिक, अद्भुत, आध्यात्मिक देश है जहां प्रत्येक मास, प्रत्येक ऋतु में कोई न कोई पर्व-त्यौहार मनाया जाता है। इन त्यौहारों में दीवाली सर्वाधिक मान्यता का त्यौहार है जो देश के अधिकतम स्थानों पर अधिकतम लोगों द्वारा मनाया जाता है। देश-विदेश में रहने वाले परिवार के सदस्य किसी त्यौहार पर अपने घर आये या न आये किंतु दीवाली पर प्रत्येक सदस्य अपने घर आने का भरसक प्रयास करता है। देश के प्रत्येक शिक्षक संस्थानों, व्यवसायिक केंद्रों, कार्यालयों आदि में दीवाली के उपलक्ष्य पर तीन-चार दिनों का अवकाश रहता है। हर वर्ग का व्यक्ति दीवाली से पहले घरों की मरम्मत, रंग-रोगन, सफाई आदि में व्यस्त रहता है। घरों को रंगोली, बंदरवार, लड़िया, पुष्पबेल आदि से सजाया जाता है। अपनी-अपनी परम्पराओं के अनुसार परिवार के सदस्य दीवाली पूजन की तैयारी करते हैं। दीवाली से पहले अहोई के त्यौहार पर माताएं अपने बेटे के खुशहाल जीवन के लिए दिनभर भूखी रहकर उपवास करती हैं, बच्चों के नाम की हांडी फलों व खाद्यपदार्थों से भर्ती है, जो माँ-बेटे के अटूट, निश्छल प्रेम को दशार्ता है। बहुएं अपने सास-ससुर को बैना के रूप में नये कपड़े आदि प्रदान करती है जो कि बुजुर्गों के ध्यान रखने के संस्कार को पोषित करता है। दीवाली से पहले ही धनतेरस पर गरीब से गरीब व्यक्ति भी बाजार में अपनी क्षमतानुसार बर्तन आदि कुछ न कुछ खरीदने का प्रयास करता है जो परिवार व घर की समृद्धि से जुड़ा है। दीवाली के बाद भी विश्वकर्मा दिवस पर हर कारीगर, निर्माण कार्य से जुड़ा व्यक्ति अपने व्यवसायिक केंद्रों, कार्य स्थलों एवं औजारों का पूजन करता है। गोवर्धन व भैयादूज पर भी अपने रीति-रिवाजों के अनुसार सभी आस्था व श्रद्धा से इन त्यौहारों को मनाते हैं। पंच त्यौहारों के इस समूह को दीवाली त्यौहार में ही समावेश किया जाता है। वर्तमान में भारत विश्व पटल पर तीव्रगति से विकास की ओर बढ़ने वाला देश है। भारत की बढ़ती विकास गति से विश्व के प्रमुख देश भयभीत भी है और ईर्ष्या भी करते हैं। विशेष रूप से हमारे पूर्व नेताओं की अदूरदर्शिता से निर्मित पाकिस्तान और जनसंख्या व क्षेत्रफल के साथ-साथ आर्थिक रूप से से सुदृढ़ चीन हमारी विकासगति में समय-समय पर बड़ा अवरोध उत्पन्न करते रहते हैं और बाकि ईर्ष्यालु देश इन्हें भारत के विरुध्द भड़काने का कार्य करते रहते हैं। 2014 के बाद भारत ने अपनी गजब की विदेश नीति व कूटनीति से पाकिस्तान के हौंसले तो पस्त कर दिये हैं किंतु ड्रैगन चीन अभी भी एक समस्या के रूप में भारत की अस्मिता को ललकारने का कुत्सित प्रयास करता रहता है। यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सदैव पाकिस्तान के साथ विटो पॉवर का प्रयोग कर भारत से दुश्मनी निभाने वाले चीन आर्थिक रूप से भारत के विशाल बाजार पर काफी हद तक निर्भर है। 2014 से पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का साथ केवल रूस देता था और पाकिस्तान के साथ पूरा विश्व खड़ा रहता था जबकि 2014 के बाद भारत की कूटनीति के कारण आज पाकिस्तान के साथ केवल चीन खड़ा है और भारत के साथ पूरा विश्व। इस बार की दीवाली पर चीन को छठी का दूध याद दिलाने का समय आ गया है। पिछले पंद्रह-बीस वर्षों से चाइनीज लाइटिंग, चाइनीज लड़िया, चाइनीज सामान की देश के बाजारों में भरमार रही और हम विश्व के सर्वाधिक ग्राहक के रूप में उसके सामानों को खरीदकर चीन रूपी साँप को दूध पिलाते रहे। वह हमारे बाजार से मजबूत होकर कभी डोकलाम में कभी गलवान में हमें ही आँख दिखाता रहता है। अरुणाचल से लद्दाख तक भारत की सीमा पर चीन का व्यवहार दुश्मन देश जैसा है। उसकी इस गिद्ध हरकत पर भारत के नागरिकों ने पहले भी चाइनीज सामान का बहिष्कार कर उसे सबक सिखाया है किंतु वर्तमान में चीन की कमर तोड़ने के लिए हर भारतवासी को कमर कसनी पड़ेगी।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अपनी पहली दिवाली साल 2014 में सियाचीन में सेना के जवानों के बीच जाकर मनाई थी और वहां दीपावली के मौके पर उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाया था जहां सियाचिन में सबसे कठिन परिस्थितियों में रहकर भारतीय जवान सीमा की रक्षा करते हैं।

## बुतों का प्रपंच

डॉ. सुरेश

**एक** जमाना था जब सरकारें आती ही जाने के लिए थीं। सरकार तोप ने सिर्फ दो काम किये थे। वसूली और बुत खड़े करना। बुत खड़ा करना दीर्घवर्षीय योजना का हिस्सा था। विकास कार्य एकदम ठहर गए, समस्याएँ सुरसा हो गईं, गरीब ज्यादा गरीब हो गए। अगली सरकार आयी। उसके संकल्प थे- पिछली सरकार से दोगुनी कमाई करना और दोगुने बुत बनवाना। प्रतियोगिता प्रदेश के विकास को लेकर नहीं, घूस और बुत को लेकर सरकार ने चौराहों पर, पार्कों में, फुटपाथों पर, ओनो-कोनों में सार्वजनिक भवनों के सामने और भीतर भी इतने बुत बनवा डाले कि महापुरुषों की किल्लत पड़ गयी। तब उसने मृत छुटभइयों के बुत खड़े करने शुरू कर दिये। बुत टन-दो-टन हैसियत वालों के नहीं, किलो-दो किलो हैसियत वाले, अनजाने, अनचीन्हे, अबूझ, अनाम भूतों तीसरी सरकार आयी। उसका संकल्प पिछली सरकार से तिगुनी कमाई करना और तिगुने बुत बनवाना था। सरकार जितनी ऊपरी कमाई करती थी, उसी अनुपात से बुत बनवाती थी यानी बुत की गणना कर ऊपरी कमाई का अंदाज लगाया जा सकता था या यों कहें ऊपरी कमाई की जानकारी होने पर बुतों का अंदाज लगाया जा सकता था। अंकगणित बहुत आसान। सरकार का चाल-चरित्र-चिंतन ऐसा कि लोगों में भय व्याप्त हो गया। जाने कब गोली मारकर कह दिया जाए कि 'अमुक जी' ने देश-समाज के लिए शहादत दी है और जीता-जागता व्यक्ति किसी चौराहे, पार्क, ओने-कोने या सार्वजनिक भवन में बुत में तब्दील हो जाए।

# बगदरी गांव में चोरी की सामग्री से हो रहा निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बगदरी गांव के विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य में प्रधान व सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों को आई धनराशि ठिकाने लगाई जा रही है। चोरी की सामग्री का उपयोग कर मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के बगदरी गांव के मजरा हेला के प्राथमिक विद्यालय व ग्राम पंचायत सचिवालय बगदरी तथा आंगनबाडी केन्द्र हेला में बन रही चहारदीवारी के कार्य में स्थानीय पहाडों के पत्थरों को चोरी कर निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है। तीसरे नम्बर की ईंटों का निर्माण कार्य में प्रयोग हो रहा है। बीम में क्रशर की डस्ट डाली जा रही है। आंगनबाडी केन्द्र हेला के सामने व बगल में बनाई जा रही चहारदीवारी के नीचे नींव न बनाकर सीधे जमीन पर ही बीम डालकर निर्माण हो रहा है।





बगदरी गांव के प्रधान कल्लू व सचिव बालगोविन्द मौर्य निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरत रहे हैं। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों व विद्यालयों के मरम्मतीकरण के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। ग्रामीणों ने सभी निर्माण कार्यों की जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

# रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित 28 से करेगा भूख हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के इटवां गांव के मजरा धौहाईपुरवा के संजय कुमार पुत्र रामसंवारे ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि विपक्षियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने पर वह 28 अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होगा।



बुधवार को रैपुरा थाने के धौहाईपुरवा के संजय कुमार पुत्र रामसंवारे ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि बेरोजगारी के चलते उसने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन से पांच लाख रुपये के ऋण का आवेदन खादी ग्रामोद्योग विभाग में किया था। विभाग के अधिकारी जगप्रसाद ने बैंक डिपाजिट के नाम पर झांसा देकर 60 हजार रुपये जमा कराये थे। लिपिक जग प्रसाद ने उससे सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर चार जून 2022 को हलफनामा लेकर गलत ढंग से जांच अधिकारी को दे दिया है, जबकि उसने कोई शपथ पत्र नहीं दिया। उसकी धनराशि भी नहीं लौटाई गई। जग प्रसाद के खिलाफ कार्यवाही को एक वर्ष से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने चेताया है कि 26 अक्टूबर तक विपक्षियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने पर वह 28 अक्टूबर को भूख हडताल पर बैठने को बाध्य होगा।

# ठेकेदार की लापरवाही पर अध्यक्ष ने चेताया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कसहाई गांव में पटेल नगर की ओर लोक निर्माण विभाग से सडक व नाली बना रहे ठेकेदार घनश्याम पटेल व प्रमेन्द्र शुक्ला की लापरवाही से वहां रहने वाली उर्मिला मिश्रा के खेत में पानी जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कडी आपत्ति जताई है। उन्होंने लोनिवि प्रान्तीय खण्ड के एक्सईएन सत्येन्द्रनाथ को फोन कर जल्द ठेकेदार से खेत में पानी न जाने की बात कही है।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के कसहाई गांव में पटेलनगर तक ठेकेदार घनश्याम पटेल व प्रमेन्द्र शुक्ला सडक व नाली निर्माण कर रहे हैं। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने से भरा हुआ पानी उर्मिला मिश्रा के खेत में जा रहा है। खेत में पानी जाने से उनकी फसल चैपट हो रही है। उन्होंने इस बात की शिकायत जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव से की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोनिवि प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियंता सत्येन्द्रनाथ को फोन कर कहा है कि ठेकेदार को सख्त मना कर दें कि किसी के खेत में पानी न जाये। ऐसा न होने पर उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही को चेताया है।

लोनिवि के एक्सईएन ने जिला पंचायत अध्यक्ष को भरोसा दिया है कि वे जल्द ठेकेदार को किसी के खेत में पानी भरने से मना कर देंगे। इधर, ठेकेदार ने कहा है कि ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी के खेत में पानी नहीं जा रहा है।

# कोर्ट में बयान बदलने को दबंगों ने महिला को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में गवाही से रोकने पीड़िता महिला के साथ दबंगों ने मारपीट, गाली-गलौज कर निर्वस्त्र कर दुष्कर्म करने की धमकी दी है।

बुधवार को भरतकूप थाने के इटखरी गांव की पीड़िता हीरामनी पत्नी स्व बालकृष्ण ने बताया कि अपराध संख्या 120/2020 धारा 354, 452, 504 व पाक्सो एक्ट के तहत धीरज उर्फ थानेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में बयान बदलने का दबाव डालने को आरोपी भुल्लू ने तमंचा तानकर हाथ पकडकर जबरन घसीट लिया। ये घटना आठ अक्टूबर को अपरान्ह दो बजे तब हुई, जब वह किराना की दुकान में सामान खरीदने गई थी। आरोपीगण भुल्लू पुत्र बुझक्कड, धीरज उर्फ थानेदार पुत्र भुल्लू और सुक्खी पत्नी भुल्लू ने उसके साथ घटना अंजाम दी है। पीड़िता के 112 नम्बर पुलिस को बुलाने पर पुलिस भुल्लू को पकडकर भरतकूप थाने ले जाकर रिपोर्ट दर्ज करने का भरोसा दिया था।

पीड़िता ने बताया कि पुलिस के रिपोर्ट न दर्ज करने पर आरोपी ने थाने से छूटने के बाद कहा कि वह पूरा थाना खरीद लेता है। पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड सकती। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर जानमाल की सुरक्षा की जाये।

# उद्यान विभाग से किसान लें सिंचाई योजना का लाभः डीएचओ




अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने कर्वी व पहाडी ब्लाक के बरवारा व बाबूपुर गांव में किसान चैपाल लगाकर किसानों को विभागीय औद्यानिक योजनाओं की जानकारी दी।

बुधवार को किसान चैपाल में जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने किसानों से कहा कि विभागीय पोर्टल पर आनलाइन पंजीकरण कर एकीकृत बागवानी मिशन का लाभ ले सकते हैं। शंकर सब्जी क्षेत्र विस्तार व मशाला क्षेत्र विस्तार में किसानों को निःशुल्क बीज मिलेगा।

किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर व रेनगन के लाभ के बारे में बताया।

उन्होंने किसानों से कहा कि प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में जो किसान खुद का उद्योग लगाने के इच्छुक हों तो लागत का 35 फीसदी अधिकतम दस लाख रुपये का अनुदान है। कटियार ने चैपाल में आये प्रत्येक किसानों को पांच-पांच विभागीय पम्पलेट बांटकर कहा कि मोहल्ले, पुरवों में अधिक से अधिक किसानों को जानकारी दें। इस मौके पर बरवारा गांव की अनीता सिंह व तमाम किसान मौजूद रहे। सहायक उद्यान निरीक्षक पीयूष कुमार ने भी विभागीय जानकारी दी।

# अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर हो रही खनिज सामग्री की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र में बोल्डर, ढोका, गिट्टी की अवैध खदानें चलने से राजस्व को भारी क्षति हो रही है। खनिज माफिया प्रशासन की लोकेशन लेकर आंखों में धूल झोंककर चोरी-छिपे खनिज सामग्री की चोरी कर रहे हैं।

बुधवार को मानिकपुर तहसील क्षेत्र के कालीघाटी, मऊगढी, मंडपा रोड, झरी, खिचरी, बगदरी, कल्याणपुर, रानीपुर कल्याणगढ आदि गांवों में बोल्डर, ढोका, गिट्टी की अवैध खदानें चल रही हैं। मंडपा रोड व खम्भेसुर के आसपास तोडान कर रातोंरात ढुलान किया जाता है। खनिज माफिया मारकुण्डी तिराहा में बैठकर प्रशासन की लोकेशन लेने के बाद खनिज सामग्री की चोरी करते हैं। खनिज कार्य की चोरी करने वाले माफिया मोबाइल में एक ग्रुप बनाकर प्रशासन की लोकेशन डालकर सभी को जानकारी मुहैया कराते हैं, ताकि खनिज चोरी करने वाले अधिकारी की पकड से दूर रहें।

इस मामले में एसडीएम मानिकपुर प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खनिज विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारी के आने पर खनिज चोरी करने वाले माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# शासन के निदेर्शों का सख्ती से करायें पालनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मजिस्टेªट अभिषेक आनन्द ने सभी उपजिला मजिस्टेªट, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अधिशाषी अधिकारियों से कहा है कि नगर विकास, मुख्य सचिव व राजस्व परिषद के आदेशों के तहत पर्यावरण, जनस्वास्थ्य एवं पशुओं के लिए घातक प्लास्टिक, थमाकोल से बनी सामग्री का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।



बुधवार को जिला मजिस्टेªट ने कहा कि प्लास्टिक, थमाकोल या इससे बने प्लेट, गिलास, चम्मच, थाली आदि का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। 24-25 अक्टूबर को दीपावली पर्व में दीपदान को लाखों श्रद्धालु धनतेरस से भइयादूज तक तीर्थक्षेत्र आयेंगे। दीपावली पर्व पर 20 से 25 लाख की तादाद में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे समय में विभिन्न दुकानदार लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक अथवा उससे बने प्लेट, गिलास, चम्मच का प्रयोग कर सकते हैं।

उन्होंने दीपावली के मद्देनजर मेला शुरू होने से पहले दुकानों का निरीक्षण कर प्रचार-प्रसार कराकर शासन के निदेर्शों का अनुपालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मेला क्षेत्र व जिले की दुकानों में अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर शासन के निदेर्शों का सख्ती से पालन करायें।

# हम वनडे विश्व कप नहीं खेलेंगे- जय शाह के बयान से नाराज पीसीबी, दी चेतावनी

**कराची।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के एशिया कप को तटस्थ स्थल पर खेलने वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाकिस्तान ने अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने की धमकी दी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एससीसी) के कार्यकारी बोर्ड के फैसले के अनुसार पाकिस्तान को अगले साल एशिया कप की मेजबानी करनी है। संयोग से शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं।

शाह ने मुंबई में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि भारत एशिया कप तटस्थ स्थल पर खेलेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा के करीबी सूत्रों ने संकेत दिया कि शाह के बयान के बाद वह भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने पर विचार कर रहे हैं। पीसीबी के सूत्रों ने कहा- पीसीबी अब कड़ा फैसला लेने के लिए तैयार है क्योंकि वह यह भी जानता है कि अगर इन बड़ी प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान भारत से नहीं खेलता है तो आईसीसी और एसीसी को नुकसान होगा।



भारत वैश्विक या महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान से खेलता रहा है लेकिन उसने 2008 में एशिया कप के बाद पाकिस्तान का दौरा नहीं किया। पाकिस्तान की टीम आखिरी बार 2012 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत दौरे पर आई थी। पीसीबी से जब संपर्क किया गया तो उसने शाह के बयान पर आधिकारिक प्रतिक्रिया करने से इंकार कर दिया। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा कि अभी हमें कुछ नहीं कहना है लेकिन हम परिस्थितियों पर गौर करेंगे और अगले महीने मेलबर्न में होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक जैसे उचित मंच पर यह मसला उठाएंगे। हालांकि पता चला है कि पीसीबी अध्यक्ष राजा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शाह के बयान से काफी खफा है और उन्होंने कुछ कड़े फैसले लेने का निर्णय किया है। पीसीबी सूत्रों ने कहा रमीज राजा एसीसी को इस मसले पर कड़ा पत्र भेजेंगे और शाह के बयान पर चर्चा करने के लिए अगले महीने मेलबर्न में एसीसी की आपात बैठक बुलाने की मांग करेंगे। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प जिस पर विचार किया जा रहा है वह एसीसी से बाहर होना है क्योंकि जब एसीसी अध्यक्ष इस तरह का बयान देता है तो पाकिस्तान का उस संस्था में बने रहने का कोई मतलब नहीं है।

# कबड्डी प्रतियोगिता : वाराणसी ने सहारनपुर मंडल को हराकर खिताब पर किया कब्जा

**लखनऊ।** कबड्डी संघ के तत्वावधान में खेली जा रही प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल ने सहारनपुर को 30-13 से मात देकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों की टीमों के साथ ही कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। समापन एवं पुरस्कार समारोह में खेल मंत्री गिरीश यादव एवं खेल निदेशक आरपी सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच मेरठ बनाम सहारनपुर मण्डल के मध्य खेला गया, जिसमें सहारनपुर मण्डल ने मेरठ मण्डल को 37-19 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की। प्रतियोगिता का दूसरा सेमी फाइनल मैच वाराणसी बनाम मुरादाबाद मण्डल के मध्य खेला गया, जिसमें वाराणसी मण्डल ने मुरादाबाद मण्डल को 26-21 अंकों से पराजित किया।प्रतियोगिता का फाइनल मैच सहारनपुर मण्डल बनाम वाराणसी मण्डल के मध्य खेला गया, जिसमें वाराणसी मण्डल ने सहारनपुर मण्डल को 30-13 अंकों से पराजित कर प्रदेशीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। सहारनपुर मण्डल को उप विजेता से ही संतोष करना पड़ा।



प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गिरीशचन्द्र यादव, मंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) एवं विशिष्ट अतिथि डा आरपी सिंह, निदेशक, खेल, खेल विभाग एवं गोविन्द पाण्डेय, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती अवध प्रान्त द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा कि जनपदों में अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये, जिससे अधिक से अधिक खेल प्रतिभाएं निकल कर सामने आये। मुझे आज यहां आकर अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी एवं कबड्डी संघ ने मिलकर इतना सुन्दर आयोजन किया। मैं आशा करता हूं कि आप सभी लोग मिलकर भविष्य में और अच्छा आयोजन करेंगे और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।उन्होंने कहा कि उप्र सरकार के द्वारा सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों का कोटा दो प्रतिशत कर दिया गया है। यही नहीं राष्ट्र मण्डल खेलों, एशियाई खेल एवं ओलम्पिक के पदक विजेताओं को सीधे राजपत्रित पद सुशोभित किया जाएगा।

# बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल को मिली हरी झंडी

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सामान्य निकाय द्वारा मुंबई में 91वीं वार्षिक आम बैठक में मंजूरी दी गई है। बोर्ड द्वारा जारी एक आधिकारिक मीडिया विज्ञप्ति में, महिला आईपीएल पर आधिकारिक मुहर लगी। विज्ञप्ति में कहा गया, सामान्य निकाय ने महिला इंडियन प्रीमियर लीग आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। महिला आईपीएल के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण में पांच टीमें होंगी और इसका आयोजन मार्च 2023 में पुरुषों के आईपीएल की शुरुआत से पहले किया जाएगा। टूर्नामेंट में 20 लीग मैच होंगे जिनमें टीमें एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। टेबल टॉपर्स को फाइनल में सीधे प्रवेश मिलेगा, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। प्रत्येक टीम के अंतिम एकादश




में पांच से अधिक विदेशी क्रिकेटर नहीं हो सकते हैं। बता दें कि भारत में खेल के विकास के साथ महिलाओं के लिए आईपीएल की मांग तेज हो गई है। डब्ल्यूबीबीएल 2016 से ऑस्ट्रेलिया में हो रहा है, जबकि हंड्रेड को पिछले साल यूके में पेश किया गया था। पाकिस्तान ने अगले साल के लिए भी महिला लीग की भी घोषणा की है। वार्षिक आम बैठक के दौरान, 2023-2027 के लिए सीनियर मेन्स फ्यूचर टूर प्रोग्राम और 2022-2025 के लिए सीनियर वूमेन फ्यूचर टूर प्रोग्राम्स को जनरल बॉडी द्वारा अनुमोदित किया गया।

# अमेरिका मध्यावधि चुनाव के लिए कमर कस रहा है, क्या लगा है दांव पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मध्यावधिचुनाव में प्रतिनिधि सभा, सीनेट के एक तिहाई और राज्य के हजारों विधायी और कार्यकारी पदाधिकारियों का चुनाव किया जाता है। अपने परिमाण और महत्व के कारण, ये चुनाव राष्ट्रपति चुनावों की तुलना में बहुत कम ध्यान आकर्षित करते हैं और इनमें बहुत कम मतदान होता है। लेकिन 8 नवंबर 2022 को होने वाले इन मध्यावधि चुनाव, जो इतिहास में सबसे करीबी विभाजित कांग्रेस में से एक में हो रहे हैं, के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।चुनाव में क्या हो सकता है? डेमोक्रेट्स के पास वर्तमान में 435 में से केवल 10 सीटों के अंतर से प्रतिनिधि सभा में बहुमत है।

यह 1955 के बाद से सबसे कम सदन बहुमत है। उनके पास सीनेट में बहुमत बिल्कुल भी नहीं है, जो 50-50 में विभाजित है, जो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के टाई-ब्रेकिंग वोट पर निर्भर है। इससे यह ऐतिहासिक रूप से असंभव हो जाता है कि डेमोक्रेट सदन में बने रहेंगे। गृहयुद्ध के बाद से, राष्ट्रपति की पार्टी ने 1934 (महामंदी), 1998 (बिल क्लिंटन का महाभियोग) और 2002 (11 सितंबर के आतंकवादी हमलों के बाद पहला चुनाव) को छोड़कर हर मध्यावधि चुनाव में सीटें गंवाई हैं। रिपब्लिकन को सदन लेने के लिए केवल पांच सीटें हासिल करने की जरूरत है। यह परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित है, लेकिन निश्चित रूप से बहुत दूर है। सीनेट डेमोक्रेट के लिए अधिक अनुकूल हो सकती है, इसके बावजूद रिपब्लिकन को इसे पलटने के लिए सिर्फ एक सीट की आवश्यकता है। क्योंकि प्रत्येक चुनाव में केवल एक तिहाई सीनेट सीटों पर चुनाव लड़ा जाता है, एक पार्टी को अक्सर दूसरे की तुलना में अपनी अधिक सीटों की रक्षा करने की आवश्यकता होती है।

इस साल रिपब्लिकन डेमोक्रेट्स की 14 सीटों की तुलना में 20 सीटों का बचाव कर रहे हैं, और इनमें से कुछ पर मुकाबला कड़ा है। इन परिस्थितियों में, कुछ पूर्वानुमान सीनेट पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए डेमोक्रेट्स के पक्ष में हैं। लेकिन ऐन मौके पर किसी आकस्मिकता की वजह से उनका ग्राफ नीचे आ सकता है जिसकी भविष्यवाणी करना कठिन है। मतदाताओं के लिए मुख्य मुद्दे क्या हैं? प्रत्येक पार्टी चाहती है कि मतदाता विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें। रिपब्लिकन के लिए, काम सीधा है। मतदाता अक्सर मध्यावधि चुनावों को राष्ट्रपति पर जनमत संग्रह के रूप में मानते हैं, भले ही राष्ट्रपति मतपत्र पर न हों। हालांकि इस साल बाइडेन की अनुमोदन रेटिंग कुछ हद तक ठीक हो गई है, वे अभी भी 40 से 50 के बीच है, जो राष्ट्रपति की पार्टी के लिए ऐतिहासिक रूप से बुरा संकेत है। पिछले एक साल से आर्थिक खबरों पर महंगाई का दबदबा है और अब मंदी की बात हो रही है. रिपब्लिकन ने अपराध, दक्षिणी सीमा पर शरण चाहने वालों और महामारी की वजह से स्कूल बंद होने जैसी घटनाओं को लेकर बढ़ती बेचैनी का फायदा उठाया है।

रिपब्लिकन के लिए ऐसी लाभकारी स्थितियों के साथ, टिप्पणीकार जून तक एक रेड वेव चुनाव की भविष्यवाणी कर रहे थे जो दोनों सदनों में डेमोक्रेट को हटा देंगा। लेकिन गर्मियों के घटनाक्रम ने इन समस्याओं से ध्यान हटा दिया। जून में, सुप्रीम कोर्ट ने पूरे अमेरिका में गर्भपात अधिकारों की रक्षा करने वाले लगभग 50 वर्ष पुराने रो बनाम वेड मामले में सुनाए गए फैसले को उलट दिया। कुछ राज्यों में रिपब्लिकन विधायकों ने गर्भपात को सीमित या प्रतिबंधित करने वाले नए कानून को लागू किया, जबकि डेमोक्रेट ने अन्य राज्यों में उन अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाए, जिन्हें कई लोगों ने मान लिया था। इसमें कोई संदेह नहीं था कि राजनीतिक रूप से, गर्भपात के मुद्दे ने डेमोक्रेट को फायदा पहुंचाया। कंसास में एक मतदान में 59त्न आबादी ने गर्भपात के लिए राज्य की संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए मतदान किया। अगस्त में, एक एनबीसी न्यूज पोल में पाया गया कि 21फीसदी अमेरिकियों ने लोकतंत्र के लिए खतरे को मध्यावधि चुनावों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बताया, जबकि 16फीसदी ने कहा कि जीवनयापन की बढ़ती लागत और 14फीसदी ने नौकरियों और अर्थव्यवस्था को अहम मुद्दा बताया हैं। गर्मियों में इन मुद्दों को जैसी तवज्जो मिली थी, उसे बनाए रखना मुश्किल होगा। हाल के मतदान से पता चलता है कि आर्थिक मुद्दे एक बार फिर ध्यान का केंद्र बन गए हैं, जिससे डेमोक्रेट्स को नुकसान होगा।

# पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम में सुरक्षाबलों ने चार विद्रोहियों को मार गिराया

**कीव।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने देश के अशांत दक्षिण-पश्चिम में चार विद्रोहियों को उनके ठिकाने पर छापेमारी के दौरान मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक विभाग की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह छापेमारी बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से 350 किलोमीटर (210 मील) पश्चिम में खारन जिले में हुई। विभाग ने कहा कि मारे गए लोग गैरकानूनी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के सदस्य थे, जिसे 2019 में अमेरिका द्वारा



''आतंकवादी'' समूह नामित किया गया था।विद्रोही समूह की ओर से इस संबंध में अब तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य छोटे अलगाववादी समूहों द्वारा आजादी की मांग को लेकर विद्रोह किया जाता रहा है। हालांकि पाकिस्तान का दावा है कि उसने विद्रोह को दबा दिया है। लेकिन, इसके बावजूद प्रांत में हिंसा जारी है। फरवरी में, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने प्रांत में दो सैन्य केंद्रों पर हमला कर दिया था, जिसमें नौ सैनिक मारे गए थे।

पाकिस्तानी सैनिकों ने बाद में कई घंटों की गोलाबारी और अनुवर्ती कार्रवाई में 20 हमलावरों को मार गिराया। तब से, पुलिस ने बलूचिस्तान में कई छापों में समूह के दर्जनों सदस्यों को गिरफ्तार किया या मार डाला है।

# रूसी युद्धक विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त, 14 लोगों की मौत

**येस्क।** रूस का एक युद्धक विमान इंजन में खराबी के कारण येस्क शहर में एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 14 लोगों की जान चली गई। इनमें से तीन लोगों की मौत एक इमारत से कूदने की वजह से हुई है। विमान के गिरने से नौ मंजिला इमारत में आग लग गई थी, जिससे बचने के लिए तीनों इमारत की ऊपरी मंजिल से कूद गए थे। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रशिक्षण अभियान के दौरान उड़ान भरते समय युद्धक विमान एसयू-34 के एक इंजन में आग लग गई और वह बंदरगाह शहर येस्क में गिर गया।

विमान में सवार चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित उससे बाहर आ गए, लेकिन विमान आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और टक्कर के बाद लगी आग विमान में भरे ईंधन की वजह से तेजी से भड़की। एसयू-34 सेंसर व हथियारों से लैस एक सुपरसोनिक दो इंजन वाला विमान है, जो रूसी वायु सेना का एक अहम हिस्सा है। कई घंटे तक



इमारत के मलबे को खंगालने के बाद अधिकारियों ने बताया कि तीन बच्चों सहित 14 स्थानीय लोगों की हादसे में मौत हो गई। अन्य 19 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। समाचार एजेंसी 'आरआईए-नोवोस्ती' के अनुसार, क्षेत्र की उप-गवर्नर एना मेनकोवा ने बताया कि मारे गए लोगों से तीन की मौत उस इमारत से कूदने के कारण हो गई, जिसमें आग लग गई थी। अधिकारियों ने बताया कि 500 से अधिक स्थानीय लोगों को घटनास्थल से हटाकर अस्थायी आवास केंद्रों में पहुंचाया गया है। क्रेमलिन के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घटना की जानकारी दी गई और स्थानीय गवर्नर के साथ स्वास्थ्य व आपात स्थिति के मंत्रियों को मौके पर भेजा गया है। येस्क की आबादी करीब 90 हजार है। यहां रूस का एक बड़ा सैन्य हवाई अड्डा है।

## हम पाकिस्तान के साथ, आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत साझेदारी चाहते हैं: अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका सभी क्षेत्रीय और वैश्विक आतंकवादी खतरों को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की ओर से सहयोग की उम्मीद कर रहा है। विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'कुछ देशों



ने पाकिस्तान की तरह आतंकवाद का सामना किया है और वे क्षेत्रीय अस्थिरता व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों जैसे टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) का मुकाबला करने में साझा रुचि रखते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम पाकिस्तान के साथ, आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत साझेदारी चाहते हैं। सभी आतंकवादियों व आतंकवादी समूहों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। हम सभी क्षेत्रीय व वैश्विक आतंकवादी खतरों को खत्म करने के लिए सहयोग को लेकर तत्पर हैं।' पटेल ने पाकिस्तान में, अमेरिकी राजदूत को तलब किए जाने के बारे में सवालों के जवाब देने से परहेज किया। पटेल ने कहा, 'मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है। जैसा कि आप जानते हैं, अमेरिका नियमित रूप से नियमित अंतराल पर पाकिस्तानी अधिकारियों से बात करता है और पाकिस्तान भी ऐसा ही करता है ।

## रूस के साथ संबंधों के आरोपों के बीच जर्मनी के साइबर सुरक्षा प्रमुख को पद से हटाया गया


**जर्मनी।** जर्मनी की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख अर्ने शॉनबोम को रूसी खुफिया विभाग के साथ संभावित संबंधों की जानकारी सामने आने के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। यह जानकारी जर्मनी के गृह मंत्रालय ने दी। जर्मनी की समाचार ने बताया कि मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्री नैन्सी फेजर ने आरोपों के बाद अर्ने शॉनबोम को बीएसआई एजेंसी के प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया। उसने कहा कि आरोपों ने शॉनबोम के प्रबंधन में ''तटस्थता और निष्पक्षता में जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचाया।''शॉनबोम ने एक दशक पहले एक साइबर सुरक्षा समूह की सह-स्थापना की थी, जो सार्वजनिक संस्थानों और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साथ लाता है। जर्मनी केमीडिया की खबर के अनुसार, उसके सदस्यों में से एक पूर्व रूसी खुफिया एजेंट द्वारा स्थापित एक कंपनी से जुड़ा था, जिसके बारे में समूह ने पिछले हफ्ते कहा था कि उसे बाहर कर दिया गया है। जर्मनी की सरकार ने एक हफ्ते पहले कहा था कि वह मामले की व्यापक जांच कर रही है। जर्मनी में इसको लेकर चिंता बढ़ रही है कि युद्ध में यूक्रेन को बर्लिन के समर्थन के कारण रूस द्वारा देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित किया जा सकता है। तिरपन वर्षीय शॉनबोम फरवरी 2016 से बीएसआई के प्रमुख थे। इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा।

# अमेरिकी नागरिक को विवादित ट्वीट करने के मामले में सऊदी अरब में 16 साल की सजा

**लंदन।** अमेरिका के एक नागरिक को कुछ विवादस्पद ट्वीट करने के मामले में सऊदी अरब में 16 साल जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी नागरिक के बेटे ने यह जानकारी दी। अमेरिकी नागरिक साद इब्राहिम अलमादी (72) ने यह ट्वीट अमेरिका में रहते हुए करीब सात साल पहले किए थे। 'वॉशिंगटन पोस्ट' की खबर की पुष्टि करते हुए इब्राहिम के बेटे ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि उनके पिता एक सेवानिवृत्त 'प्रोजेक्ट मैनेजर' थे और फ्लोरिडा में रहते थे। वह पिछले साल नवंबर में परिवार से मिलने सऊदी अरब की यात्रा पर आए थे और तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अलमादी अमेरिका और सऊदी अरब दोनों देशों के नागरिक हैं। सऊदी अधिकारियों ने इस मामले पर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने वाशिंगटन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अलमादी को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की। पटेल ने कहा, '' हमने सऊदी सरकार के आलाकमान के समक्ष लगातार गंभीरता से अपनी चिंताएं जाहिर की हैं और आगे भी हम ऐसा करना जारी रखेंगे। हमने कल भी सऊदी अरब की सरकार के सदस्यों के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।'' इब्राहिम के बेटे ने बताया कि उनके पिता को सात साल पहले किए गए ''कुछ मामूली से ट्वीट'' को लेकर पकड़ा गया। उनमें उन्होंने सरकारी नीतियों और कथित भ्रष्टाचार की आलोचना की थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता कोई कार्यकर्ता नहीं हैं बल्कि एक आम नागरिक हैं जो अमेरिका में रहते हुए अपनी राय व्यक्त कर रहे थे, जहां विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है। इब्राहिम के बेटे ने बताया कि उनके पिता को आतंकवाद का समर्थन करने के मामले में तीन अक्टूबर को 16 साल जेल की सजा सुनाई गई। उन पर आतंकवादी कृत्यों की जानकारी देने में विफल रहने का आरोप भी लगाया गया। उन पर 16 साल का यात्रा प्रतिबंध भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के अधिकारियों ने उन्हें मामले पर चुप्पी साधे रहने की धमकी दी और अमेरिकी सरकार को इसमें शामिल ना करने को लेकर भी आगाह किया। वह अभी 72 वर्ष के हैं, 12 साल बाद रिहाई के समय 87 वर्ष के होंगे और फिर यात्रा प्रतिबंध के कारण 104 साल की उम्र में वह अमेरिका आ पाएंगे। उन्होंने दावा किया कि मार्च में अमेरिकी विदेश मंत्रालय से संपर्क करने के बाद उनके पिता को काफी प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उनके पिता को ''हिरासत में लिए जाने को अमान्य घोषित न कर'' इस मामले को नजरअंदाज किया है। इब्राहिम के बेटे ने इस सप्ताह मामले को सबके सामने लाने के अपने फैसले पर कहा, '' उन्होंने मुझे बरगलाया। उन्होंने मुझे चुप रहने को कहा ताकि वे उन्हें वहां से निकलवा सकें। मैं अब विदेश मंत्रालय पर और विश्वास नहीं करने वाला।'' सऊदी अरब ने सोशल मीडिया पर सरकार को लेकर कोई भी आलोचनात्मक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपना रखा है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बागडोर संभालने के बाद से आलोचनाओं को लेकर सऊदी अरब के अधिकारियों ने कार्रवाई कड़ी कर दी है। सलमान अति रूढ़िवादी साम्राज्य को आधुनिक विचारों के साथ आगे बढ़ाने की वकालत तो करते हैं लेकिन किसी भी तरह की आलोचना के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हैं।

*'वॉशिंगटन पोस्ट' की खबर की पुष्टि करते हुए इब्राहिम के बेटे ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि उनके पिता एक सेवानिवृत्त 'प्रोजेक्ट मैनेजर' थे और फ्लोरिडा में रहते थे।*

## लश्कर-ए-तैयबा के शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव को चीन ने किया बाधित



**बीजिंग।** चीन ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकवादी की सूची में शामिल कराने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में बाधित कर दिया। चीन ने विश्व निकाय में किसी आतंकवादी को प्रतिबंधित सूची में डालने के प्रयास को चार महीनों के अंदर चौथी बार बाधित किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की '1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति' के तहत महमूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को बाधित कर दिया है। हालिया महीनों में यह चौथी बार है जब चीन ने '1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति' के तहत पाकिस्तान स्थित किसी आतंकवादी को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव को बाधित किया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने दिसंबर 2016 में महमूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया था।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 307 प्राचीन वस्तुएं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने करीब 15 साल की जांच के बाद 307 प्राचीन वस्तुओं को भारत को लौटाया जिन्हें चुराकर या तस्करी के जरिये देश से बाहर ले जाया गया था। इन वस्तुओं की कीमत करीब 40 लाख अमरीकी डॉलर है। इनमें से अधिकतर वस्तुएं कुख्यात व्यापारी सुभाष कपूर के पास से बरामद की गईं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने भारत को करीब 40 लाख डॉलर की 307 प्राचीन वस्तुएं लौटाने की सोमवार को घोषणा की।ब्रैग ने बताया कि इनमें से 235 वस्तुओं को मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा कपूर के खिलाफ की गई छापेमारी में जब्त किया गया था। कपूर ''अफगानिस्तान, कंबोडिया, भारत, इंडोनेशिया, म्यांमा, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड और अन्य देशों से वस्तुओं की तस्करी करने में मदद करता है।'' मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक समारोह के दौरान ये प्राचीन वस्तुएं भारत को सौंपी गई।भारत के



महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल और अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के 'इंवेस्टिगेशन एक्टिंग डिप्टी स्पेशल एजेंट-इन-चार्ज' क्रिस्टोफर लाउ ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। ब्रैग ने कहा, '' इन प्राचीन वस्तुओं को तस्करों के गिरोहों ने कई स्थानों से चोरी किया था। इन गिरोह के सरगनाओं ने वस्तुओं के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाया।'' उन्होंने कहा, '' हमें भारत के लोगों को ये सैकड़ों वस्तुएं लौटाने पर गर्व है।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान पिछले साल भी अमेरिका ने 157 प्राचीन वस्तुएं लौटाई थीं।

## ओपेक और उसके सहयोगियों का तेल उत्पादन में कटौती का फैसला एक भूल, जिससे रूसियों को फायदा हुआ: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उसके सहयोगियों का तेल उत्पादन में कटौती का फैसला एक भूल है, जिससे रूसियों को फायदा हुआ है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''ओपेक प्लस ने पिछले हफ्ते जो निर्णय लिए, हमारा मानना ??है कि वे रूसियों के पक्ष में थे और अमेरिकी लोगों व दुनिया भर के परिवारों के हितों के खिलाफ थे।'' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम मानते हैं कि यह निर्णय निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्था वाले देशों को चोट पहुंचाने और नुकसान पहुंचाने वाला है। यह गुमराह करने वाला फैसला है और यह एक भूल तथा अदूरदर्शी निर्णय है।'' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इस प्रशासन की शुरुआत से ही उन्होंने इसकी बात की है। सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों की बात करें तो वह इसे द्विदलीय तरीके से करना चाहते हैं, जैसा कि पिछले आठ दशकों से किया गया है।'' प्रेस





**उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम मानते हैं कि यह निर्णय निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्था वाले देशों को चोट पहुंचाने और नुकसान पहुंचाने वाला है।**

सचिव ने इस संबंध में अधिक जानकारी साझा किए बिना कहा, ''इसलिए, वह इसे एक व्यवस्थित तरीके से, रणनीतिक तरीके से करने जा रहे हैं, और उन्हें निश्चित रूप से दोनों पक्षों के सदस्यों से जानकारी मिलने जा रही हैं।

## विमान में निकला सांप, यात्रियों में हड़कंप

**वॉशिंगटन।** एक विमान के यात्रियों में उस समय भारी दहशत और अफरातफरी देखी गई जब हवाई जहाज में अचानक सांप निकल आया। गनीमत यह रही कि पर्याप्त लंबे इस सांप ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। लैंडिंग के बाद वन्यजीव विभाग कर्मियों को बुलाकर सांप को सुरक्षित ढंग से विमान से निकाला गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्लोरिडा के टाम्पा शहर से न्यू जर्सी के लिए उड़ान भरने वाले हवाई जहाज में अचानक सांप निकल आया। बिजनेस क्लास के यात्रियों ने पहली बार सांप देखते ही शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# चीन में जवानों के प्रशिक्षण के लिए पायलटों की भर्ती की कोशिशों से ब्रिटेन की सरकार चिंतित

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि वह चीन में पीपल्स लिबरेशन आर्मी के जवानों को प्रशिक्षित करने के लिए सेवारत और पूर्व ब्रिटिश सैन्य पायलटों की भर्ती की चीन की कोशिशों को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। खबरों के अनुसार, ऐसा समझा जा रहा है कि ब्रिटेन के 30 पूर्व सैन्य पायलट चीन की सेना के सदस्यों को प्रशिक्षित करने गये हैं और इस तरह के भर्ती अभियानों के खिलाफ रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) तथा अन्य सशस्त्र बल के अधिकारियों को गोपनीय सूचना देकर सतर्क किया जा रहा है।भर्ती प्रक्रिया ब्रिटेन के मौजूदा कानूनों का उल्लंघन नहीं करती, लेकिन रक्षा मंत्रालय के अनुसार नया राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक इस तरह की 'सुरक्षा चुनौतियों' से निपटने के लिए



अतिरिक्त उपाय उपलब्ध कराएगा। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, ''हम चीन में पीपल्स लिबरेशन आर्मी के जवानों को प्रशिक्षित करने के लिए सेवारत और पूर्व ब्रिटिश सैन्य पायलटों की भर्ती की चीन की कोशिशों को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठा रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''सभी सेवारत और पूर्व अधिकारी पहले ही सरकारी गोपनीयता कानून के दायरे में आते हैं और हम रक्षा क्षेत्र में गोपनीयता अनुबंधों तथा खुलासा नहीं करने संबंधी समझौतों की समीक्षा कर रहे हैं, वहीं नया राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक मौजूदा समेत समकालिक चुनौतियों से निपटने के लिए अतिरिक्त उपाय उपलब्ध कराएगा।'' सशस्त्र बल मंत्री जेम्स हीप्पे ने 'स्काई न्यूज' से कहा कि चीन के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए ब्रिटिश पायलटों की भर्ती कई साल से रक्षा मंत्रालय के लिए चिंता का सबब बनी हुई है।